


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 179 | कोरबा, रविवार, दिनांक 31 मार्च 2024 डाक 01 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद में गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार के दौरान लोग प्रार्थना करते हुए....



**देश-विदेश**
..तो ट्रंप नहीं बनेंगे अमेरिका के राष्ट्रपति! बाइडन को विश्व नेताओं ने ये क्या सलाह दे दी



**फीचर पेज**
सूर्य को जल चढ़ाने से भाग्य का मिलता है साथ, जानिए इसका धार्मिक और वैज्ञानिक कारण



# रामलीला मैदान में जुटने लगे विपक्षी नेता, भाजपा का हमला, ये परिवार बचाओ और भ्रष्टाचार छुपाओ रैली है

**नईदिल्ली, 31 मार्च [एजेंसी]।**



दिल्ली के रामलीला मैदान में I.N.D.I.A गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों की रैली में नेताओं को जुटना शुरू हो गया है। शरद पवार, महबूबा मुफ्ती सहित कई विपक्षी नेता रामलीला मैदान में पहुंच चुके हैं। रैली की शुरुआत से पहले भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह लोकतंत्र बचाओ रैली नहीं, बल्कि असल में यह परिवार बचाओ, भ्रष्टाचार छुपाओ रैली है। इसके अलावा INDIA गठबंधन की महारैली पर भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा, जो आज रामलीला मैदान में हो रहा है ये भ्रष्टाचार का भाईचारा है। रामलीला मैदान वही मैदान है, जिसमें अन्ना हजारे की उंगली पकड़कर अरविंद केजरीवाल कहते थे कि लालू यादव, मुलायम सिंह यादव, सोनिया गांधी को जेल भेजो और यही अरविंद केजरीवाल आज लालू यादव की उंगली पकड़कर कहते हैं कि मुझे जेल मत भेजो। इधर कांग्रेस की ओर से ये साफ कर दिया गया है कि रामलीला मैदान में आज होने वाली संयुक्त मेगा रैली लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है, न कि किसी व्यक्ति विशेष को बचाने के लिए की गई है। वहीं पंजाब के मंत्री और आप नेता बलबीर सिंह ने कहा है कि आज दिल्ली के रामलीला मैदान में ऐतिहासिक रैली होने जा रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपने लिए नहीं, बल्कि देश के 140 भारतीयों के लिए लड़ रहे हैं।

आज रामलीला मैदान में होने वाली संयुक्त विपक्ष रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे से लेकर तेजस्वी यादव जैसे नेता शामिल होंगे। इसके अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी इस रैली में शामिल होंगे। खास बात ये है कि इस रैली में अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी शामिल होंगी और अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ सकती है। मोदी सरकार के खिलाफ इससे पहले विपक्षी दलों ने संयुक्त रैली 17 मार्च को मुंबई के शिवाजी पार्क में की थी। कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में शनिवार को कहा कि रैली में विपक्षी गठबंधन के सभी 28 घटक दल भाग लेंगे।

**कच्चातिवु पर आरटीआई में चौंकाने वाला खुलासा**

# कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते, पीएम मोदी का फूटा गुस्सा



**नईदिल्ली, 31 मार्च [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कच्चातीवू को लेकर सामने आई एक आरटीआई रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला है। पीएम मोदी ने विपक्षियों को घेरते हुए कहा है कि नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस ने किस तरह बेरहमी से कच्चातीवू को छोड़ दिया। इसने हर भारतीय को नाराज कर दिया है। भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना कांग्रेस का 75 सालों से काम करने का तरीका रहा है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिपोर्ट साझा की है। उन्होंने पोस्ट कर कहा, आंखें खोलने और चौंकाने वाला सच सामने आया है। नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस ने किस तरह बेरहमी से कच्चातीवू को छोड़ दिया।

इसने हर भारतीय को नाराज कर दिया है। हम कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते। भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना कांग्रेस का 75 सालों से काम करने का तरीका रहा है। तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई ने आरटीआई दायर कर कच्चातीवू के बारे में पूछा था। अब आरटीआई सामने आने पर पता चला है कि सन् 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके ने एक समझौता किया था। इसके तहत कच्चातीवू द्वीप को श्रीलंका को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया था।

## स्कार्पियों रेलवे क्रासिंग के खंभे से टकराई एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

*__मुरादाबाद।__ देहरादून के तिलक रोड निवासी यश रस्तोगी स्कार्पियो से अपने परिवार के साथ मुरादाबाद रिश्तेदारी में जा रहे थे। कांठ में रसूलपुर रेलवे क्रासिंग के पास रविवार सुबह वाहन खंभे से टकरा गया। हादसे में यश रस्तोगी,आरती रस्तोगी, संगीता रस्तोगी, अंशिका की मृत्यु हो गई। वाहन*



*चला रहे अतुल रस्तोगी और उनकी बहन मानवी रस्तोगी घायल है। उत्तराखंड के देहरादून के तिलक रोड निवासी यश रस्तोगी पुत्र पंकज रस्तोगी अपने परिवार के साथ देहरादून से मुरादाबाद मुगलपुरा क्षेत्र में अपने रिश्तेदारी में स्कॉर्पियो गाड़ी से जा रहे थे। कंठ में रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार को सुबह 5 बजे के आसपा उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी सड़क किनारे रसूलपुर क्रॉसिंग के पास खड़े खंभे से टकरा गई। जिस गाड़ी में सवार यश रस्तोगी 28 वर्ष आरती रस्तोगी पत्नी दिलीप रस्तोगी 45 वर्ष संगीता रस्तोगी पत्नी पंकज रस्तोगी कुमारी अंशिका पुत्री दिलीप रस्तोगी 18 वर्ष इन चारों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।*

## कांग्रेस कार्यकर्ता ने सीएम आवास पर आत्महत्या का प्रयास किया

**हैदराबाद।** वरिष्ठ नेताओं द्वारा नजरअंदाज किए जाने का आरोप लगाते हुए एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने यहां मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के आवास पर खुद पर डीजल डालकर आत्महत्या का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उन्हें मिलने का समय नहीं दे रहे थे इसलिए उन्होंने यह कदम उठाने का फैसला किया। पुलिस ने आत्महत्या के प्रयास को रोक दिया और व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। व्यक्ति की पहचान भूपालपल्ली के कांग्रेस नेता कृष्णा सागर के रूप में हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि उन नेताओं को प्राथमिकता दी जा रही है जो हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं और उनके जैसे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है।

# धार्मिक गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में हिंसक टकराव, इलाके में पसरा तनाव, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**सागर, 31 मार्च [एजेंसी]।**

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के सदर 12 मुहाल में ई- रिक्शा में धार्मिक गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में शनिवार रात विवाद हो गया। इसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। समुदाय विशेष के लोगों के पथराव और शक्ति प्रदर्शन के दौरान जुटी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। इस विवाद में एक युवक को चाकू भी मारा गया। घटना की रात से ही यहां पुलिस बल तैनात है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 17 लोगों की गिरफ्तारी की



गई। वहीं क्षेत्र में धारा 144 लगाई गई है। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला रात करीब 11 बजे तक शुरू हुआ। जब राहुल राठौर नाम का आटो चालक 12 मुहाल से अपना आटो रिक्शा लेकर निकल रहा था। इस दौरान उसके आटो में धार्मिक गाना बज रहा था। इसी को लेकर वहां पर विवाद की स्थिति बनी।

आटो चालक राहुल का कहना है कि 12 मुहाल के पास दूसरे समुदाय के लोगों ने उसे रोका और गाना बजाने की बात को लेकर विवाद करने लगे। आरोपितों में से ही कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसका आटो भी तोड़ दिया। वहीं समुदाय विशेष के लोगों द्वारा की गई मारपीट की जानकारी जब दूसरे पक्ष को लगी तो वह भी इकट्ठा हो गए। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची, लेकिन उपद्रवियों ने हंगामा शुरू कर दिया।

# नक्सलियों का तांडव, थाने से महज 500 मीटर दूर माइंस के चार ट्रक वाहनों में की आगजनी, इलाके में दहशत



**नारायणपुर, 31 मार्च [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के तहसील छोटे डोंगर में एक बार फिर नक्सलियों का तांडव देखने को मिला है। जहां नक्सलियों ने थाना परिसर से महज 500 मीटर की दूरी पर खड़ी ट्रक वाहनों में देर रात आगजनी कर दी है। घटना के बाद से ही इलाके में दहशत का माहोल बना हुआ है। मौके पर पुलिस टीम पहुंच कर जांच में जुट गई है। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो जब देर रात 20 से 30 की संख्या में नक्सली ग्रामीण वेश भूषा में पहुंचे और ट्रक चालकों को पहले तो ट्रक से नीचे उतारा और मोबाइल फोन छीन कर एक तरफ खड़े कर दिया जिसके बाद लौह अयस्क लदे चार ट्रकों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। ये पूरी घटना नारायणपुर के तहसील छोटे डोंगर थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित हाई स्कूल के पास घटित हुआ है। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली और पुलिस के खुफिया एजेंसियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। छोटेडोंगर में पूर्व में भी नक्सलियों ने भाजपा नेता सागर साहू, और कोमल मांझी की हत्या को अंजाम दिया था इसके अतिरिक्त नक्सली समय समय पर अपने करतूतों से संबंधित इलाके में लगातार जान माल की हानी करते रहे हैं जिसके चलते पूर्व से ही छोटे डोंगर पुलिस के कार्य प्रणाली और इंटेलिजेंस सवालों के घेरे में रही है।


## सुबह-सुबह हादसा, पिकअप पलटने से 4 मजदूरों की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**आरा, 31 मार्च [एजेंसी]।**

*बिहार के आरा जिले में दर्दनाक हादसा सामने आया है। जब मजदूरों से भरी हुई पिकअप पलट गई। जिसमें 4 मजदूरों की मौत हो गई। और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र की है। रानी सागर डायवर्सन के पास अनियंत्रित पिकअल पलटी गई। जिसके बाद चीख-पुकार मच गई। घायलों की मदद के लिए लोग भी पहुंचे। फिलहाल मौके पर पहुंच कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अभी तक जिन मृतकों की पहचान हुई है। उनमें रोहतास जिले के रामचीज राम का पुत्र सरोज राम, बक्सर जिले के शिवकुमार राम की पत्नी रामदुलारी देवी, बक्सर जिले केहरमुन राम की पत्नी सीता सुन्दरी देवी का नाम शामिल है।*

## सेना ने की किशोर की हत्या, दो घायल

*__रामल्लाह।__ फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में एक फिलिस्तीनी किशोर की हत्या कर दी और दो अन्य को घायल कर दिया। सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि 13 वर्षीय मुतासिम अबू अबेद को जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में गोलियों से भून दिया गया। सूत्रों ने बताया कि हमले में घायल दो लोगों में से एक की हालत गंभीर है।*



## गृहमंत्री विजय शर्मा ने आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक का जाना हालचाल

**रायपुर।** बीजापुर में हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक से मिलने डिप्टी सीएम विजय शर्मा हॉस्पिटल पहुंचे। युवक से मुलाकात कर हालचाल जाना। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि बस्तर का विकास नहीं हो पा रहा है, इसका कारण बस्तर की सड़कों में भींचा हुआ आईईडी भी है। बीजापुर के गंगालूं थाना क्षेत्र में रहने वाला गुड्डू मेकाम (18 वर्षीय) आईईडी के विस्फोट में घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक से मुलाकात करने रविवार को डिप्टी सीएम विजय शर्मा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आईईडी जो लगा है वह किसी को नहीं पहचानता। जानवर व ग्रामीण दोनों ही आहत हो रहे हैं। 11 तारीख को इस घटना के होने के बाद भी इन्हें रोक कर रखा गया। ऐसी और भी कई घटनाएं हैं। गांव वालों ने जब दबाव बनाया, तब जाकर इन्हें छोड़ा गया। विजय शर्मा ने कहा कि आज भी नारायणपुर में नक्सलियों ने कुछ ट्रकों में आगजनी की है। कुछ आत्मसमर्पण भी हुआ है। आत्म समर्पण की प्रक्रिया बहुत तेजी से बढ़ी है।

# कश्मीर से उत्तराखंड तक बारिश और बर्फबारी, हिमाचल में 172 सड़कें बंद, हरियाणा-पंजाब में आंधी-तूफान



**जम्मू-कश्मीर, 31 मार्च [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर के पहाड़ी क्षेत्रों में शनिवार को जमकर बारिश और बर्फबारी हुई। हिमाचल में करीब 10,000 फुट की ऊंचाई पर स्थिति अटल टनल के आसपास भी ताजा हिमपात हुआ है। बारिश और बर्फबारी से खराब हुए मौसम के चलते हिमाचल में 172 सड़कों पर यातायात बंद हो गया है। पंजाब और हरियाणा के भी विभिन्न इलाकों में आंधी-तूफान और गरज के साथ बारिश हुई है, जिससे गेहूं की फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी मौसम के मिजाज में यह बदलाव दो से तीन दिनों तक बना रहेगा। हालांकि, कुछ इलाकों में इसकी तीव्रता रविवार से कम हो जाएगी। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली में भी तेज हवाएं चलीं और गरज के साथ कुछ स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। वहीं, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में रात के समय गर्मी महसूस की गई।

मध्य प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों में लू जैसी स्थिति भी बनी रही। आईएमडी के मुताबिक, उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में रविवार से मौसम में सुधार की उम्मीद है। यानी बारिश और आंधी-तूफान की स्थिति से राहत मिलेगी। पूर्वोत्तर भारत में एक अप्रैल तक बारिश और अंधड़ जारी रह सकता है। मध्य और प्रायद्वीपीय भारत में अगले तीन से पांच दिनों तक दिन और रात दोनों ही समय में अत्यधिक गर्मी महसूस की जाएगी। हिमाचल के कांगड़ा में खेत में गिरे बिजली के तार की चपेट आने से नानी-दोहती और ऊना में बच्ची पर पेड़ गिरने से हुई मौत हो गई। अंधड़ की वजह से 19 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दस घरों की छत उड़ गईं।

शिमला स्थित स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र ने हिमाचल प्रदेश में चार अप्रैल तक बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है और घाटी और मैदानी इलाकों में आंधी-तूफान के हालात बन सकते हैं। शनिवार को भी पूरे प्रदेश में भारी बारिश और बर्फबारी दर्ज की गई और तेज हवाएं भी चलीं, जिसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 172सड़कों को बंद करना पड़ा।

# शॉर्ट सर्किट ने तबाह किया परिवार आग के बाद चार लोगों की मौत



**अहमदाबाद, 31 मार्च [एजेंसी]।**

गुजरात के द्वारका में शॉर्ट सर्किट से लगी आग के बाद एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई है। मरने वाले में सात माह की बेटी, पति-पत्नी और दादी शामिल हैं। आग लगने की घटना तड़के तीन से चार बजे के बीच हुई जब घर में शॉट सर्किट से आग लग गई। आग के कारण फैले धुएं और धुंध से घर में रह रहे लोगों का दम घुट गया और चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान पवन कमलेश उपाध्याय (30 साल), पवन उपाध्याय (27 साल) ध्याना उपाध्याय (7 महीने की बच्ची) पवन की माता भामिनीबेन उपाध्याय के रूप में हुई है।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# दुर्ग में 10 कोरोना मरीज मिले, रायपुर में दो संक्रमित

**रायपुर, 31 मार्च [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ में कोरोना के 11 नए मरीज मिले हैं। दुर्ग में 10, और बालोद में 1 मरीज की पहचान हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कुल 241 लोगों की जांच की थी। वर्तमान में प्रदेश में 14 एक्टिव केस हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक प्रदेश में कोरोना संक्रमण की पॉजिटिविटी दर 4.56 प्रतिशत है। दरअसल, प्रदेश में कोरना की रफ्तार थम गई थी लेकिन 28 मार्च के बाद कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते दिख रहे है । दुर्ग और बालोद के अलावा रायपुर में 2 और धमतरी में 1 कोरोना संक्रमण के एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग ने खांसी बुखार या कोरोना से संबंधित कुछ लक्षण नजर आने पर जांच की अपील भी की है।

लोग अपने नजदीकी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच करवा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी हेल्थ सेंटर में कोरोना संक्रमण की जांच की व्यवस्था की गई है।

# कांग्रेस कमेटी के खाता फ्रीज करने के विरोध में निकाला मशाल जुलूस



**कोरबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के खाता फ्रीज करने तथा 1822 करोड़ रूपये के नोटिस के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के तत्वाधान में टीपी नगर चौक से सीएसईबी चौक तक मसाल जूलूस के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि 30 साल पुराने आधारहीन मामले का बहाना करके ठीक चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जब्त करना, इनकम टैक्स का नोटिस भेजना अलोकतांत्रिक है। केन्द्र सरकार धन, बल और केंद्रीय एजेंसी का दुरूपयोग से विपक्ष को डराने और लोकतंत्र को खत्म करने को आमादा है।

कांग्रेस पार्टी को इनकम टैक्स विभाग द्वारा 1823.08 करोड़ रुपए जमा करने के नोटिस को न.पा.नि. कोरबा के राजकिशोर प्रसाद ने भाजपा की केंद्र सरकार की तानाशाही बताया है। उनका कहना है कि यह देश में लोकसभा चुनाव के समय प्रमुख विपक्षी दल को संसाधन विहीन करने की भाजपा की केंद्र सरकार की साजिश है। मोदी को यह पता चल चुका है कि उनके खिलाफ देश में माहौल है। उनकी विदाई की बेला नजदीक आ गई है तो विपक्ष को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए इनकम टैक्स विभाग को आगे कर दिया गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा है कि मोदी सरकार लोकतंत्र विरोधी षडयंत्र करके विपक्षी दलों के सीमित संसाधनों को भी छीनने का काम कर रही है। कांग्रेस की पिछली सरकारों ने 70 सालों से निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ लोकतंत्र की जो छबि बनाई थी, केंद्र की मोदी सरकार और वर्तमान भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व उसके खिलाफ काम कर रहे हैं। भाजपा ने विपक्षी दलों से साधन, संसाधन छीनकर एकाधिकार स्थापित करने का षडयंत्र रचा है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार पर लोकतंत्र विरोध षडयंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि अधिनायकवादी मोदी सरकार ने पहले कांग्रेस की चुनी हुई सरकारों को गिराया, डर और लालच से नेताओं की खरीद-फरोख्त की और जो नेता नहीं झूके, उनके ऊपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेंसियों से अंकुश लगाना जारी रखा है। अब जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, आचार संहिता लगने के बाद कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप चोट पहुंचाने के लिए आयकर विभाग का दुरुपयोग किया जा रहा है।

सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जिस चुनावी बॉन्ड स्कैम को गैरकानूनी और असंवैधानिक करार दिया, उसमें मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी की बदनीयती उजागर हुई है। जो तथ्य सामने आये है, वो बेहद चिंताजनक है, शर्मनाक है। देश की जांच एंजेसियों ईडी, आईटी को हफ्ता वसूली गैंग के रूप में संचालित किया जाना, ब्लैकमेलिंग और रिश्वतखोरी से स्पष्ट प्रमाण के बावजूद बड़ी बेशर्मी से साजिश करके मुख्य विपक्षी दल का बैंक खाता फ्रीज कर देना निंदनीय है।

इस अवसर पर सुरेश सहगल, बी एन सिंह, उषा तिवारी, दुष्यंत शर्मा, संतोष राठौर, सनीष कुमार, राकेश पंकज, रूपा मिश्रा, द्रोपदी तिवारी, बसंत चन्द्रा, बृजभूषण प्रसाद, लखन लाल सहिस, मुकेश राठौर, प्रदीप पुरायणे, एफ डी मानिकपुरी, गीता गभेल, सीताराम चौहान, शशी अग्रवाल, नारायण लाल कुर्रे, आरिफ खान, कुंजबिहारी साहू, लक्ष्मण लहरे, अश्वनी कश्यप, संतोष यादव, अशोक नारंगे, के एल मिश्रा, विवेक श्रीवास, कमलेश गर्ग, राकेश देवांगन, पवन विश्वकर्मा, अंकित श्रीवास्तव, राजेश यादव आदि उपस्थित थे।

## मजदूर संघ ने जीएम को बताई परियोजना की समस्या

**कोरबा।** भारतीय कोयला मजदूर संघ दीपका विस्तार परियोजना के सचिव विनोद यादव ने महाप्रबंधक खनन को पत्र लिखकर परियोजना में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया है। साथ ही उनसे उक्त समस्याओं के समाधान की मांग की है। यादव ने अपने पत्र में लिखा है प्रगतिनगर गेट से एमटीके नंबर 2 के रास्ते में धूल का गुब्बार उड़ रहा है। कॉलोनी में शाम 6 बजे के बाद डस्ट के कारण कुछ भी दिखाई नहीं देता है, जिससे लोग परेशान हैं और बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इसका समाधान करने तत्काल कदम उठाया जाए।

## भतीजी से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** एक नशेड़ी युवक ने नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म किया, जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना अंतर्गत एक वार्ड में निवासरत नशेड़ी युवक ने रिश्ते को शर्मसार करते हुए नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी माता-पिता को दी। वे उसे लेकर थाने पहुंचे।

इस दौरान आरोपी युवक शराब पीने के लिए रामपुर शराब दुकान पहुंचा था। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही उसकी खोजबीन करते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। मामले में पीड़िता के चिकित्सकीय जांच के बाद दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय प्रस्तुत करने पर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## पंप की चोरी करने वाला पकड़ाया

**कोरबा।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मोटर पंप चोरी करते हुए युवक का मोबाइल से लोगों ने वीडियो बना लिया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मानिकपुर चौकी अंतर्गत दादर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी है। यहां के मकानों में पानी सप्लाई के लिए लगे मोटर पंप की लगातार चोरी हो रही थी। कॉलोनी के लोग इसे लेकर सतर्क थे और आसपास के मकानों में निगरानी कर रहे थे। इस बीच एक मकान में युवक ने धावा बोला, वह मोटर पंप चोरी कर ले जाने लगा। इस दौरान पड़ोस के लोगों ने छिपकर मोबाइल से पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। घटना के बाद वीडियो पुलिस को दिखाया। इसके आधार पर पुलिस ने वीडियो में चोरी करते नजर आ रहे स्थानीय युवक बुधराम (26) को पकड़ लिया।

## 5 अप्रैल को रिलीज होगी मेरी मां कर्मा

**कोरबा।** भारत देश में जितना पॉपुलर बॉलीवुड सिनेमा का कल्चर है, उतना ही पॉपुलर रीजनल सिनेमा भी हो गया है। इन दिनों रीजनल सिनेमा एक बार फिर दर्शकों के बीच अपनी पकड़ बना रहा है। ऐसे में इसी को आगे बढ़ाने के लिए पॉपकॉर्न फिल्म्स 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में फिल्म मेरी मां कर्मा लेकर आ रहे हैं। यह एक पूर्ण पारिवारिक-एंटरटेनर फिल्म है। इस फिल्म को देखते हुए आपको जितना मजा आएगा, उतना ही रोना भी आएगा। इसके साथ ही मेरी मां (माता) कर्मा की कहानी से आपको मोटिवेशन मिलेगा। उक्त बात प्रेस वार्ता के दौरान फिल्म के डायरेक्टर कौस्टेन साहू, नायक शील वर्मा व नायिका कुकी स्वाइन ने संयुक्त रूप से कही।

## मिशन कम्पाउंड के सेप्टिक टैंक में गिरे अहिराज को निकालकर छोड़ा जंगल में



**कोरबा।** मिशन रोड स्थित चर्च के गार्डन में बनी पानी टंकी में एक अहिराज सांप को जाते देख वहां रहने वाले लोग जमा हो गए। साथ ही उत्साह में टंकी पर चढ़कर सांप को देखने की कोशिश करने लगे। इससे टंकी का एक हिस्सा भी टूट गया। इसी बीच लोगों ने मामले की जानकारी रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेन्द्र सारथी को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सारथी ने टंकी में फंसे सांप का रेस्क्यू किया। जितेन्द्र ने बताया कि वह अहिराज प्रजाति का सांप है। सांप के बारे में मौके पर उपस्थित भीड़ को जानकारी देने के बाद एक डिब्बे में बंद कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

## कोयला परिवहन बढ़ने से यातायात पर दबाव

**कोरबा।** सड़क मार्ग से कोयला परिवहन में वृद्धि से यातयात का दबाव तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी गाड़ियां सडक् पर तो उतर ही रही हैं, छोटी गाड़ियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। सालाना छोटी बड़ी 19 से 20 हजार गाड़ियां सड़कों पर उतर रही हैं। इससे शहर और इसके बाहरी इलाके में यातायात का दबाव बढ़ गया है। शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। बाहरी इलाको में दुर्घटनाएं हो रही है। परिवहन विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि पांच साल में एक लाख एक हजार से अधिक नई गाड़ियां सड़क पर उतरी हैं। इसमें सबसे अधिक दोपहिया है। आंकड़े बताते है कि सड़कों पर यातायात का दवाब तेजी से बढ़ रहा है।

इंदिरा विहार कॉलोनी के रिहायशी क्षेत्र में भारी वाहनों का परिचालन और बेतरतीब पार्किंग धड़ल्ले से हो रहा है। इससे हादसे की आशंका बनी हुई है। बावजूद इसके इन लापरवाह चालकों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। टीपी नगर में एक जहां अब तक मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग की जा रही थी। अब लापरवाह वाहन चालक इंदिरा विहार कॉलोनी के रिहायशी क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर भारी वाहन दौड़ा रहे हैं। वहीं बेतरतीब ढंग से पार्किंग भी कर रहे हैं। इस कारण इस मार्ग से आवाजाही करने में लोगों काफी असुविधा हो रही है।

## उप तहसील का दर्जा मिलने के बावजूद चैतमा में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

**कोरबा।** पाली ब्लॉक की ग्राम पंचायत चैतमा आबादी और क्षेत्रफल की दृष्टि से काफी बड़ा है। बावजूद इसके इस पंचायत का यथोचित विकास वर्षों से नहीं हो पाया है। करीब 10 हजार की आबादी वाली ग्राम पंचायत में बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं।

विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा भी सिर्फ ध्यान नहीं दिया गया है। चैतमा पंचायत पर आसपास के 30 गांवों के लोग निर्भर हैं। हायर सेकंडरी तक शिक्षा, बिजली विभाग का कार्यालय, अस्पताल, राजस्व, बैंक हो या वन विभाग से जुड़ा मामला हो या हाट बाजार से। पंचायत से खाद उठाव का मामला हो या धान बिक्री का, क्षेत्र के लोगों को चैतमा आना ही पड़ता है। सुविधा बढ़ाने के नाम पर गांव को उप तहसील का दर्जा दे दिया गया है, लेकिन हकीकत में जमीनी स्तर पर उप तहसील का काम यहां होता ही नहीं है। सप्ताह में एक दिन लिंक कोर्ट जरूर लगता है, पर उसका कोई खासा लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत इरफ, पटपरा के बखई और हर्राडीह ऐसे गांव हैं, जहां पहुंच मार्ग नहीं होने के कारण आवागमन के साधन नहीं मिल पाते हैं। गंभीर बीमारी अथवा डिलीवरी के स्थिति में मरीज को खाट पर लिटाकर अस्पताल ले



जाते देखा जा सकता है।

नहीं खुला कॉलेज पाली और कटघोरा पर आश्रित हैं छात्र चैतमा में हायर सेकंडरी स्कूल खुले लगभग 40 साल हो गए हैं। उच्च शिक्षा के लिए पंचायत समेत आसपास के 30 गांवों के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए पाली या कटघोरा जाना पड़ता है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से लगातार कॉलेज खोलने की मांग की जाती रही है, लेकिन अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। 15 साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मांग की गई थी, तब उन्होंने एक नहीं, बल्कि दो बार कॉलेज खोलने का आश्वासन दिए थे। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस मांग को पूरा कराने में अब नाकाम है।

अब तक वन परिक्षेत्र कार्यालय का वादा भी नहीं हुआ पूरा ग्राम पंचायत चैतमा में वन परिक्षेत्र कार्यालय खोलने की मांग भी पुरानी है। बीते वर्ष वर्तमान सांसद चैतमा प्रवास पर थीं। तब उनसे परिक्षेत्र कार्यालय नहीं होने से समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग की गई थी। इस पर उन्होंने मौके से ही वन विभाग को निर्देशित भी किया था, लेकिन आज तक वन परिक्षेत्र कार्यालय नहीं खुल पाया है। परिक्षेत्र कार्यालय नहीं होने से जंगल में होने वाली अवैध कटाई, बेजा-कब्जा समेत अन्य अवैधानिक कार्यों पर अंकुश नहीं लग पाता है।

## भाजपा ने शुरू किया बूथ विजय अभियान



**कोरबा।** भाजपा ने शनिवार को बूथ विजय अभियान की शुरुआत की। पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व विधायक धरमलाल कौशिक के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं और लोगों के घरों में पार्टी के झंडे लगाए गए। नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने सुबह अपने निवास पर भाजपा का झंडा लगाकर अभियान की शुरुआत की।कोसाबाड़ी मंडल में कई लोगों के घरों में भी भाजपा का झंडा बांधने का अभियान चलाया गया। विधायक कौशिक ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने 100 दिन में ही अपने प्रमुख वादे पूरे किए हैं। महतारी वंदन योजना हो या किसानों को अंतर राशि देने का वादा। तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी 5500 रुपए मानक बोरा के हिसाब से राशि दी जा रही है।

## बच्चों को नहीं मिल रही किताबें केवी की कक्षाएं कल से

**कोरबा।** शिक्षा सत्र 2024-25 की कक्षाएं एक अप्रैल से केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा संचालित केन्द्रीय विद्यालयों में शुरू हो जाएंगी। स्कूल प्रबंधन भी छात्रों के साथ उनके अभिभावकों को मैसेज के माध्यम से जानकारी दे दिए हैं। स्कूल प्रबंधन बच्चों को किताब और कॉपी के साथ स्कूल आने कह रहे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अगली कक्षा में जाने वाले छात्रों की किताबें एनसीईआरटी से प्रकाशित होकर बाजार तक पहुंच ही नहीं सकी हैं। ऐसे में छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी परेशान हैं। उनका कहना है कि एक तरफ प्रबंधन स्कूल बुला रहा तो दूसरी ओर बच्चों की किताबें बाजार में ही उपलब्ध नहीं हैं। किताब दुकान संचालकों का कहना है कि एनसीईआरटी की नई बुक आने में कम से कम दो माह का समय लग सकता है, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी।

उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन एनसीईआरटी दिल्ली से प्रकाशित कक्षा वार पुस्तकों का प्रकाशन करता है, जिसे एनसीईआरटी छत्तीसगढ़ द्वारा कोरबा समेत अन्य जिलों में लागू किया जाता है। इन किताबों की कीमत कम होने के साथ छात्रों और उनके अभिभावकों पर पड़ने वाला बोझ कम होता है। स्कूल प्रबंधन की मानें तो नए सत्र के लिए किताबों का सिलेबस बदल गया है, जिसके कारण उनकी प्रिंटिंग में समय लग रहा है।

## देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारी शुरू

**कोरबा।** नगर पंचायत पाली के साथ ही आसपास के देवी मंदिरों और देव स्थलों में चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारी शुरू हो गई है। नवरात्र 9 से 16 अप्रैल तक मनाया जाएगा। धार्मिक पर्यटन स्थल चैतुरगढ़ स्थित मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। यहां हवन-पूजन, भजन-कीर्तन और भोग-भंडारा का भी आयोजन होता है।मंदिर ट्रस्ट का चुनाव होने के बाद इस बार तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इसके अलावा मुख्य मार्ग स्थित शक्ति दाई मंदिर, महामाया देवालय, काली मंदिर मादन, ठाकुर देव स्थल पटेलपारा, बड़ा देव शक्ति स्थल,



जलाराम मंदिर में भी नवरात्र पर्व की तैयारी की जा रही है। मंदिरों का रंग-रोगन के साथ साज-सज्जा भी की जा रही है। ग्राम मुनगाडीह, वन देवी चेपा रानी, महामाया मंदिर चैतमा, दुर्गा मंदिर पोड़ी, काली महामाया मंदिर लाफा में भी तैयारी की जा रही है।

## समाज सेवा के लिए भी दे रहे धनराशि

**कोरबा।** शहर में 4 मंजिल वाला प्रथम बहुमंजिला इमारत का प्रोजेक्ट सांई कुंज बनाने वाले बुधिया बिल्डर्स एवं डेवलपर्स ने अपने 15 साल पूरे कर लिए। बुधिया बिल्डर्स एवं डेवलपर्स कोरबा में बिल्डर्स के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है। वर्ष 2007 में सांई कुंज प्रथम प्रोजेक्ट में 27 घर थे, जिसके बाद निरंतर कोरबा में सेवा देते हुए बुधिया बिल्डर्स ने 250 से ज्यादा प्लॉट और मकान व फ्लैट अपने संतुष्ट ग्राहको को दे चुका है। किसी में भी अब तक कोई विवाद नहीं है। उक्त बात बुधिया बिल्डर्स एवं डेवलपर्स के संजय बुधिया एवं उनके पुत्र मृदुल बुधिया ने शनिवार को कोरबा प्रेस क्लब के तिलक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया किसी भी ग्राहक की मेहनत की कमाई न फंसे इसके लिए पूरा ध्यान दिया जाता है। उनके फर्म के माध्यम से आज तक कोई अवैध प्लाटिंग या



बिल्डिंग का कार्य नही किया है। फर्म के सभी प्रोजेक्ट रेरा, टाउन प्लानिंग एवं नगर निगम तथा कलेक्टर से मान्यता प्राप्त होने के बाद ही लांच किए जाते है।

उन्होंने बताया कि सांई कृष्णा पैलेस, सांई इन्कलेव, सांई वृंदावन, सांई विला नामों से बुधिया बिल्डर्स के प्रोजेक्ट है। इसके अलावा शहर में अन्य कोई भी प्रोजेक्ट न तो उनके फर्म का है और न ही उनका किसी तरह का संबंध है। अब तक के सभी प्रोजेक्ट के उनके सभी ग्राहक संतुष्ट है। जिनके सुख व दुख के कार्यक्रम में उन्हें बुलाया जाता है और वे शामिल होते हैं। बिल्डर्स के रूप में पैसे के बजाए ग्राहकों का भरोसा हमने कमाया है। फर्म का पूरा काम पारदर्शिता के साथ किया जाता है इसके लिए मोबाइल पर गूगल के जरिए बुधिया बिल्डर्स एंड डेवलपर्स सर्च कर ब्यौरा देखा जा सकता है।

बुधिया बिल्डर्स के संजय बुधिया के मुताबिक शहर में दूसरे बिल्डर्स अपने बनाए गए प्रोजेक्ट में नहीं बल्कि खुद के लिए अलग से निजी बिल्डिंग बनाकर रहते हैं। लेकिन वे अपने पहले प्रोजेक्ट में ग्राहकों के बीच बिल्डिंग में सपरिवार रहते हैं। जो बताता है कि हम घर केवल व्यवसाय के लिए नहीं बल्कि ग्राहकों के सपने को संजोने और विश्वास कायम रखने के लिए बनाते हैं।

संजय बुधिया ने बताया कि उनके सभी प्रोजेक्ट में ग्राहको को जो भी कमीटमेंट किया जाता है उससे ज्यादा सुविधा एवं menities प्रदान की जाती है। कोई भी छूपा शर्त बताकर गुमराह नहीं किया जाता। हर प्रोजेक्ट में कई बैंकों में ग्राहकों की सुविधा के लिए अनुबंध किया जाता है। हर प्रोजेक्ट सें कुछ राशि समाज सेवा एवं दिव्यांग बच्चो के लिए भी निकाली जाती।

संजय बुधिया व मृदुल बुधिया ने संयुक्त रूप से बताया कि वर्तमान में शहर के रिस्दी में रजगामार की ओर जाने वाले रोड किनारे उनका सांई वृंदावन प्रोजेक्ट चल रहा है। जिसका अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। शेष प्रोजेक्ट सौ प्रतिशत सोल्ड आउट प्रोजेक्ट है। हर प्रोजेक्ट में ग्राहकों के लिए सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाता है। वहीं एक मंदिर भी बनाया जाता है जिसमें इष्ट देवताओ की प्रतिमाएं लगायी जाती है और उनकी प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। भविष्य मे भी अपने ग्राहकों को और भी बेहतर सुविधा देने का प्रयास हम करेगे ऐसा बुधिया बिल्डिर्स के डायरेक्टर की सोच और मान्यता है।

## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव: नामांकन की अंतिम सूची प्रकाशित अध्यक्ष व सचिव पद के लिए चार-चार उम्मीदवार मैदान में

**कोरबा।** जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव वर्ष 2024-26 के लिए अब प्रचार-प्रसार का दौर तेज हो गया है, क्योंकि अगले रविवार 7 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए नामांकन का दौर पूरा होने के साथ ही आगे की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी गोपी कौशिक द्वारा नामांकन फॉर्म की जांच के बाद पात्र प्रत्याशियों की प्रकाशन सूची प्रकाशन शुक्रवार शाम चार बजे किया गया।

इसमें अध्यक्ष, सचिव समेत सभी सभी पदों पर चुनाव लड़ने वाले अधिवक्ताओं के नाम सामने आ चुके हैं। अध्यक्ष पद के लिए इस बार चार प्रत्याशी अधिवक्ता क्रमशः अब्दुल रहमान, धनेश कुमार सिंह,



गणेश कुलदीप व सुधीर कुमार निगम मैदान में उतरे हैं। वहीं अध्यक्ष के बाद महत्वपूर्ण सचिव के पद के लिए भी चार उम्मीदवार अधिवक्ता क्रमशः नूतन सिंह ठाकुर, प्रशांत कुमार धुर्य, रघुनन्दन सिंह ठाकुर और सुनील यादव ने ताल ठोंकी है। अध्यक्ष पद पर वर्तमान अध्यक्ष संजय जायसवाल ने दोबारा नामांकन नहीं भरा है, लेकिन सचिव पद पर वर्तमान सचिव नूतन सिंह ठाकुर फिर से लड़ रहे हैं। वे इससे पूर्व भी सचिव पद पर रह चुके हैं। सचिव पद के बाकी सभी उम्मीदवार पहली बार पहली बार उक्त पद के लिए मैदान में उतरे हैं, इसलिए मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। संघ के उपाध्यक्ष (पुरुष) के लिए अनीष कुमार सक्सेना, बद्री प्रसाद मोदी, नरेश कुमार साहू और संदीप प्रजापति तो उपाध्यक्ष (महिला) के लिए राजेश्वरी राठौर, शिवकुमारी कंवर व उत्तरा राठौर मैदान में हैं। सहसचिव पद पर बालक राम बरेठ, नंद किशोर पासवान, राजू कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष पद पर सौरभ अग्रवाल, अमर नाथ कौशिक, सुनील कुमार सोनवानी, ग्रंथालय सचिव पद के लिए कमलेश कुमार श्रीवास, क्रांति कुमार श्रीवास, राजकुमार यादव, सांस्कृतिक व क्रीड़ा सचिव पद के लिए लक्ष्मण प्रसाद पटेल व सुरेश कुमार महंत ने नामांकन भरा है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद के छह पद के लिए अब्दुल नफीस खान, छतराम साहू, ज्योति वर्मा, खेम लाल किशोर, प्रवीण कुमार राठौर, रामेश्वर सिंह कंवर, रीता पुलस्त, रोमेश सिंह ठाकुर व शिल्पा दांडेकर चन्ने समेत नौ अधिवक्ता मैदान में हैं।

## परंपरागत गीत और नृत्यों के साथ महिला मंडल ने मनाया होली मिलन

**कोरबा।** नारी शक्ति महिला मंडल ने आदर्शनगर स्थित सामुदायिक भवन में होली मिलन समारोह आयोजित किया। समारोह महिला मंडल की अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा, उपाध्यक्ष पुष्पा पाल, सचिव शारदा जायसवाल, कोषाध्यक्ष नेहा अग्रवाल व नीलम कुकरेजा उपस्थित रहे। महिला मंडल की अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि होली प्रेम और शांति का संदेश देता है। होली मिलन का उद्देश्य एक साथ मिलकर खुशियां मनाना है। होली का त्योहार जीवन में रंग भरता है, हमें होली की गरिमा को बचाए रखना है। यह ऐसा पर्व है, जिसे सभी समुदाय के लोग मिलकर आपस में खुशियां मनाते हैं और बिना भेदभाव के आपस में मिलते हैं। यह पर्व समाज को एकजुटता का संदेश देता है। समारोह की अगली कड़ी में राधा कृष्ण डांस (सिमरन और साक्षी), राधा डांस (बबीता कश्यप), होली के मिक्स गाने पर डांस (कुसुम साहू और रजनीश श्रीवास), होली के गानों के अन्य



मिक्स गानों पर डांस (मीनाक्षी शर्मा, रजनी श्रीवास, कुसुम साहू, नीतू साहू, साधना काथले, नेहा अग्रवाल, मीशा कौर और रेखा शुक्ला ने किया। इस दौरान खुशी के माहौल में रेखा शुक्ला ने होली के अवसर पर होली का टाइटल नारी शक्ति महिला मंडल के सदस्यों को दिए गए और मजेदार गेम्स खिलाए। समारोह में मुख्य अतिथि जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष वरिंदर कौर, एकता महिला मंडल की अध्यक्ष नीतू शर्मा, आरती राठौर, कृष्णा प्रसाद, डॉ. बीना और ममता बघेल उपस्थित रहीं।

# पंप खराब, पानी नहीं मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी परेशानी



**तुस्मा ।** ग्राम तुस्मा के ग्रामीण इन दिनों पीने के पानी के लिए भटक रहे हैं। लगभग एक वर्ष पहले गांव में नल जल योजना के तहत बोर खुदाई एवं पानी टंकी निर्माण कार्य किया गया था मगर माह भर से पंप खराब है। इसके चलते गर्मी में वे परेशान हैं। उन्हें पीने और निस्तार के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।नवागढ़ ब्लाक के ग्राम तुस्मा में जल संकट से ग्रामीण जूझ रहे हैं। उनका कहना हैं कि जैसे ही गर्मी का समय आता है।

पानी की समस्या शुरू हो जाती है। इस वर्ष भी जैसे ही गर्मी ने दस्तक दी हैसौर ऊर्जा चलित बोर खराब हो गया है। पी एच ई विभाग के अधिकारी के निर्देश पर इसे मरम्मत के लिए निकालकर एक माह पहले कर्मचारी ले गए हैं। मगर अब तक पंप लगा नहीं है। कर्मचारी एक माह और समय लगने की बात कह रहे हैं जबकि गर्मी रोज बढ़ रही है। ऐसे में ग्रामीणों की समस्या और बढ़ रही है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही बोर के पंप की मरम्मत की मांग की है। सरपंच को भी उनके द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है मगर वे भी इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। इससे ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। उन्हें दूसरे वार्डों से पानी लाना पड़ रहा है। ऐसे में उनकी परेशानी बढ़ गई है। इस संबंध में पीएचई विभाग के देवेंद्र सिंह का कहना है कि क्रेडा टेक्नीशियन को मशीन को रिपेयरिंग के लिए दिया गया है। 15 से 20 दिन हुए हैं उस मशीन में ही समस्या है। 1 वर्ष के भीतर ही मशीन खराब हो रही है। उसमें कोयला जैसा कोई चीज फंस जा रहा है। बोर की सफाई की आवश्यकता है। टेक्नीशियन से बात हुई है सोमवार को बोर फिटिंग कर जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

## केवी में प्रवेश के लिए कल से शुरू होगी आवेदन की प्रक्रिया

**जांजगीर।** केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू होगी। कक्षा 1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। कक्षा 2 से 12 (कक्षा 11 को छोड़कर) के लिए प्रवेश फॉर्म ऑफलाइन भरे जाएंगे। राज्य में कुल 37 केंद्रीय विद्यालय संचालित हो रही हैं। इसमें कक्षा पहली में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। जांजगीर शहर में भी मुनुंद रोड में केन्द्रीय विद्यालय संचालित है। केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में सत्र 2024-25 में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए एक सेक्शन में करीब 35 से 40 सीट निर्धारित की गई है। कक्षा पहली के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन वेबसाइट kvsonlineadmission.k vs.gov.in से किए जा सकते हैं।

## पुरानी रंजिश के चलते रास्ता रोककर सगे भाइयों से मारपीट

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो भाइयों की पिटाई कर दी। घटना सीपत थाना क्षेत्र की है। ग्राम जांजी अंबेडकर चौक निवासी वीपेंद्र प्रताप (19) रोजी-मजदूरी करता है। शनिवार की दोपहर 2.30 बजे जांजी बस स्टैड जा रहा था। काली मंदिर के पास जांजी का विनोद ठाकुर व उनके अन्य साथी मिले। पुरानी रंजिश के चलते वे दोनों भाइयों के साथ गाली गलौज करने लगे और मारपीट की।

## जमकर गर्माहट के बाद मौसम में हुआ परिवर्तन, आज बारिश होने के आसार



**जांजगीर।** मार्च खत्म होती अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया है। शनिवार को भी गर्मी का तेवर तेज रहा और दिन में आसमान में बादल छाए रहे। लोगों को उमस का सामना करना पड़ा। पूरे दिन धूप का असर तेज रहा और गर्मी का एहसास होता रहा है।

अचानक तापमान में बढ़ोतरी से इस साल आने वाले ?दिनों में भीषण गर्मी की संभावना जताई जाने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार 31 मार्च को मौसम आंशिक रूप से परिवर्तन होने की संभावना है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे राजस्थान में एक चक्रवाती परिसंचरण बन गया है। इससे 24 घंटे में जिले बादल छाने के एक दो स्थान में हल्की बारिश एवं ओलावृष्टि होने की संभावना बनी हुई है।

बारिश होने पर गर्मी में मिल सकती है राहत हवा में नमी का असर नहीं होने से रात का तापमान भी सामान्य से ऊपर रहने लगा है। शनिवार को शहर का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के आसपास रहा है। होली से पहले अच्छी बारिश हुई थी, जिससे मौसम ठंडा हो गया था। अभी अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी जारी है। उम्मीद है कि बारिश होने पर गर्मी से थोड़ी बहुत राहत मिल सकती है।

## भूखे-प्यासे छात्र-छात्राओं की कराई गई प्रतियोगिता

**सरगुजा।** अंबिकापुर गांधी स्टेडियम के इंडोर स्टेडियम में शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को बुलाकर अव्यवस्थाओं के बीच शनिवार को ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करीब ढाई सौ बच्चे शामिल हुए। आयोजन में सुबह पहुंचे बच्चों को न समय पर नाश्ता मिला, न ही खाना। बच्चों को नाश्ता एवं खाना देने का पैसा अलग से लिया गया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस आयोजन की जानकारी तक नहीं है।

जानकारी के मुताबिक, कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा सरगुजा जिले के माध्यमिक शालाओं के छात्राओं को रानी लक्ष्मीवाई आत्मसमर्पण प्रशिक्षण वर्तमान शैक्षणिक सत्र में दिया गया है। जिले के करीब 86 माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को करीब 30 से 90 दिनों तक प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में उन्हें विपरीत परिस्थिति से निबटने के लिए आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।

प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद सरगुजा जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के द्वारा इंडोर स्टेडियम में फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें करीब ढाई सौ बच्चों को सुबह ही बुला लिया गया था। बच्चे पहुंचे, लेकिन इनके नाश्ता व खाने का उचित प्रबंध नहीं किया गया था। इसमें प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे बच्चों को इससे परेशान होना पड़ा।

**नाश्ते में पोहा, शाम को मिला खाना**

प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे बच्चों ने बताया कि उनसे नाश्ता और खाना के लिए प्रत्येक बच्चे से 100 रूपये भी लिए गए थे। दोपहर करीब 12 बजे नाश्ते में पोहा दिया गया। वहीं बच्चों को भूखे रहने के बाद सीधे शाम करीब सात बजे खाना दिया गया। बच्चे भूखे ही रहकर प्रतियोगिता में शामिल हुए।

# मुलमुला मार्ग को सुधारने के लिए अब गंभीरता

**जांजगीर।** बनाहिल से नरियरा होते हुए मुलमुला सड़क पर पीडब्ल्यूडी द्वारा तीन माह पहले डामरीकरण किया गया था। पुराने पुल पर मरम्मत भी हुआ ?था। लेकिन तीन माह में ग्राम बनाहिल से नरियरा के बीच भगत कुआं से पहले पुल नीचे की ओर धंस गया। इससे रोड ऊपर-नीचे होने के कारण हादसा होने का खतरा बन हुआ था। इसे लेकर दैनिक भास्कर ने 29 मार्च को खबर प्रकाशित की। इसके बाद निर्माण में लगा अमला रोड की मरम्मत के लिए पहुंचा। सड़क के अन्य हिस्सों पर भी सुधार किया गया है।



इस रास्ते पर ठेकेदार द्वारा पुल के पास सोल्डर पर दोनों ओर मुरूम डाला गया है। जहां रोड धंसी थी, वहां दोबारा डामरीकरण किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी ने तीन माह पहले बनाहिल से लेकर नरियरा होते हुए मुलमुला रोड तक आठ किमी की लंबी सड़क का डामरीकरण किया था। सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण भी कराया गया था। बनाहिल और नरियरा के बीच इस रोड पर ठेकेदार द्वारा लगभग काम पूरा कर लिया गया है, लेकिन निर्माण एजेंसी ने सड़क निर्माण में आने वाले लागत, पूरा करने की तिथि, परफारमेंस अवधि की जानकारी लोगों को मिल सके, इसके लिए बोर्ड अब तक नहीं लगाया गया। जबकि निर्माण शुरू से पहले मार्ग में होने वाले उन्नयन कार्य की जानकारी दर्शाने के लिए एक बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है।

सड़क पूरी बनी, पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं सड़क निर्माण हुए करीब तीन माह हो गए हैं, लेकिन निर्माण में लगे ठेकेदार द्वारा इस 8 किमी के दायरे में सड़क पर चलने वाले लोगों के लिए सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए हैं। इस रास्ते पर दिन-रात भारी वाहन चलते रहते हैं।

नरियरा, सोनसरी और मुलमुला गांव के पास भारी वाहनों के कारण हादसे का खतरा बना हुआ है। गांव के पास रेडियम पट्टी, संकेतक बोर्ड, रोड पर डिवाइडर पट्टी, पार्किंग पट्टी आदि नहीं लगाए गए हैं।



**चांदी की पालकी में निकली बाबा कालेश्वर नाथ की बारात,जांजगीर-चांपा में नागा साधुओं ने जमकर उड़ाए रंग-गुलाल, निःसंतान महिलाओं को मिलता है लाभ**

# इलेक्टोरल बांड से चीजें सामने आने के कारण परेशानी

## कांग्रेस का खाता फ्रीज होने को लेकर जिले में संगठन ने मशाल रैली निकाली, विरोध जताया




**जांजगीर-चांपा।** कांग्रेस पार्टी की खातों को फ्रीज किए जाने को लेकर जांजगीर चांपा में कांग्रेस ने जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस रैली निकाली। केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया है। कांग्रेसियों ने केंद्र की मोदी सरकार पर तानाशाही और लोकतंत्र को खत्म करने का आरोप लगाया। साथ ही केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं ने शनिवार की शाम 6 बजे मशाल रैली निकाली। यह रैली अकलतरा चौक से लेकर कचहरी चौक तक निकली गई। कांग्रेसी नेताओं ने आरोप लगाया है कि केन्द्र की मोदी सरकार के तानाशाह पूर्ण रवैया अपना रही है।

वहीं आयकर विभाग को भेज कर लोकसभा चुनाव के दौरान बैंक खातों को फ्रीज कराया गया है, जो कि निंदनीय है। बैंक खातों को फ्रीज किए जाने से लोकतंत्र की हत्या बताया है। कांग्रेस नेताओ का कहना है कि उच्चतम न्यायालय ने गुप्त चुनावी चंदा को आप संवैधानिक घोषित किए जाने से केंद्र सरकार तिलमिला उठी है।

**कांग्रेस को वित्तीय रूप से पंगु बनाने की साजिश**

भाजपा सरकार के द्वारा देश की सबसे प्रमुख विपक्षीय पार्टी कांग्रेस के सभी बैंक खातों को फ्रीज कर लोकसभा चुनाव में भाग लेने से रोकने की कोशिश की जा रही है। जिला कांग्रेस उप अध्यक्ष विवेक सिंह सिसौदिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को वित्तीय रूप से पंगु बनाने की साजिश की है।

**प्रधानमंत्री के इशारों पर रची गई साजिश**

मुख्य विपक्षीय दल के चुनाव लड़ने के रास्ते में बाधा उत्पन्न की जा रही है। इससे जाहिर होता है कि भारत के दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने का दावा झूठा है। चुनाव में कमजोर करने के लिए प्रधानमंत्री के इशारों पर साजिश रची गई है।

### कुवांरी कन्याओं ने लोगों पर बरसाई लाठियां

# रंग पंचमी पर पुरानी परंपरा को निभाने के लिए लोग आए सामने

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले के ग्राम पंतोरा में रंग-पंचमी के दिन लट्ठमार होली खेली गई। इसको स्थानीय भाषा में डंगाही होली भी कहा जाता है। जहां कुवांरी कन्याओं ने लोगों पर छड़िया बरसाया। कुवांरी कन्याओं से छड़िया खाने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे थे। मान्यताएं हैं कि छडिया खाने से कष्ट दूर होते हैं।

जिला मुख्यालय से 45 किलो मीटर दूर बलौदा जनपद पंचायत क्षेत्र में पंतोरा गांव है। जहां रंग पंचमी के दिन लट्ठमार होली खेली जाती है। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि बस्ती बसने के दौरान गांव में महमारी फैल गई थी। इस दौरान मां भवानी की पूजा अर्चना शुरू की थी।

**बांस की छड़ी को लाकर माता को समर्पित की**

कोरबा जिले के मां मड़वारानी के जंगल से बांस की छड़ी को लाकर माता को समर्पित की गई थी, जिसके बाद हालात सुधरे थे। इस परंपरा को आगे विस्तार ले लिया और गांव के लोग जुड़ते गए। इस परंपरा को अब आगे बढ़ाया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के पांचवें दिन मनाया जाता है।



**मां भवानी की विधि विधान से पूजा अर्चना**

गांव का बैगा मां मड़वारानी के जंगलों में जाकर बांस की छड़िया लेकर आते हैं और उसे मां भवानी को समर्पित करते हैं। इस बार भी ऐसा ही किया गया। जहां मां भवानी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। गांव में किसी प्रकार की महामारी न फैले सभी सुखी रहे यही कामना की गई।

**देवी देवताओं पर छड़िया बरसाने की पुरानी परंपरा**

वहीं 9 कुवांरी कन्याओं को मंदिर के अंदर देवी के रूप में पूजा किया गया है, जिसके बाद उन्हें बांस की छड़िया दी गई। मां भवानी को स्पर्श कराती हैं। वहीं मंदिर के सभी देवी देवताओं पर छड़िया बरसाने की पुरानी परंपरा है।

**लाठियां पड़ने के दौरान दर्द नहीं होता**

पूजा पाठ के बाद कुवांरी कन्या बाहर आती हैं। इसके बाद दूर-दूर से आए लोगों और गांव के लोगों पर जोर जोर से लाठियां बरसाई जाती है। लाठियां पड़ने के दौरान किसी प्रकार का दर्द नहीं होता है।

### जांजगीर-चांपा में मतदान के लिए निकाली साइकिल रैली

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशासन के अधिकारी और कर्मियों ने मतदाताओं को किया जागरूक





**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत-प्रतिशत मतदान में भागीदारी को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत केरा रोड से नेता जी चौक तक साइकिल रैली निकाली गई। इसमें लोगों को निष्पक्ष और भय मुक्त मतदान करने का संदेश दिया गया।

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा और एसपी विवेक शुक्ला ने इस रैली में शामिल हुए अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिकों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन जन की थीम पर लोकतंत्र के महापर्व को लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं।

मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की जानकारी दी जा रही हैं। लोगों को निष्पक्ष और बिना डर, बिना किसी लोभ के वोट डालने की अपील की जा रही है। वहीं अपने मताधिकार का प्रयोग कर भारत देश को आगे तरक्की पर ले जाए।

**कलेक्टर ने मतदान करने नागरिकों को दिलाई शपथ**

कलेक्टर आकाश छिकारा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों को शपथ दिलाई। सभी युवाओं और नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और अपने घर परिवार व आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर जागरूक मतदाता होने का फर्ज निभाएं।

कलेक्टर ने कहा कि अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा व अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपना मताधिकार का प्रयोग करें।



## नदी से पानी लेने पर पिता-पुत्र पर टांगी से किया वार, घायल

**अंबिकापुर।** जिले के लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम चोरकीडीह में फसल की सिंचाई करने नदी से पानी लेने के लिए हुए विवाद पर एक किसान पर गांव के ही एक दूसरे ग्रामीण ने टांगी से जानलेवा हमला कर दिया।

पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चोरकीडीह निवासी भाईदूज नागेश 26 मार्च को गागर नदी में पंप लगाकर गन्ने की फसल की सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान गांव का नारायण यादव नदी से पानी लाने लगाए गए पाइप को टांगी से मारकर काट दिया। भाईदूज ने इसको लेकर आपत्ति की तो नारायण विवाद करने लगा। इसी दौरान उसने हाथ में रखी टांगी से भाईदूज के ऊपर ताबड़तोड़ वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर परिजन पहुंचे तो हमलावर ने उनके ऊपर भी वार किया। हमले में भाईदूज का पुत्र भी घायल हो गया।

इस बीच हमलावर ने वहां लगे अन्य ग्रामीणों के पंप की पाइप को भी टांगी से मारकर काट दिया। बाद में हमलावर वहां से भाग निकला। परिजन ने घायल पिता-पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले में हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर आरोपी को तलाश रही थी। मुखबिर की सूचना पर शनिवार को पुलिस ने आरोपी नारायण यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

# सांस्कृतिक विकास मंच ने कवि सम्मेलन का आयोजन किया

**सक्ती।** नगर के गायत्री मंदिर में 29 मार्च को सांस्कृतिक विकास मंच द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम में अनेक कवियों ने काव्य पाठ किया। मुख्य अतिथि पं. देवेन्द्र अग्निहोत्री, रामाधार पांडे, कमलेश चौबे, चितरंजन पटेल, श्याम सुंदर अग्रवाल, रामनारायण गौतम थे।

मंच के अध्यक्ष एलआर जायसवाल, संरक्षक रमेश सिंघानिया, सचिव भगतराम साहू सहित कवियों ने काव्य पाठ किया।

दिनेश साहू ने राम आएंगे भजन प्रस्तुत किया। कवयित्री तिलोत्तमा पांडे ने सताए गोपिकाओं को मधुसूदन वो छलिया है गीत सुनाया। कौशल दास महंत ने रंग भंग हुड़दंग, संग-संग चल रहे सुना कर श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। इसके अलावा हास्य रचना मैं गदहा उल्लू का पट्ठा सुनाया। सजलकार रमेश सिंघानिया ने मनोमालिन्य को छोड़ें, बढ़ाएं प्यार होली में के अलावा समसामयिक विषयों पर काव्य पाठ किया। उन्होंने लगे कांपने गुंडे थर-थर सब जानें, योगी सचमुच शेरे बब्बर सब जानें। सुनाकर वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था और दुरावस्था दोनों पर प्रकाश डाला। रामसाय श्रीवास ने छत्तीसगढ़ी गीत नशा है नाश की जड़ और उड़े धरती म रंग-गुलाल गाकर वाह वाही लूटी। दिनेश पटेल ने दुविधा में है जनता बेचारी, मची है मारामारी के अलावा अनेक हास्य रचनाएं सुनाई। भगत राम साहू ने आओ मनाएं मिलकर होली गीत सुनाया। कवयित्री शुचिता साहू ने भोले के माथे पर चंदन, गिरधारी लाल चौहान ने होली के रंग रंगा ले संगी, जयंती खम्हारी ने फुहारों से खिला संसार इस बार होली में, मुहब्बत का खुला दरबार इस बार होली में सुनाया तो मनीषा भारद्वाज ने रंगों की बरसात लेकर होली आई की प्रस्तुति दी। मंच संचालन नरेंद्र वैष्णव ने किया।

## अनमोल वचन

जिसने भी संसार को बदलने की कोशिश की वो हार गया जिसने खुद को बदल लिया वो जीत गया।

# मजबूत बैंकिंग जरूरी

तकरीबन एक दशक तक फंसे कर्ज यानी गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में इजाफा होने तथा जोखिम आंकने, खासकर कॉर्पोरेट ऋण के जोखिम के अंकन में शिथिलता के बाद अब देश का बैंकिंग क्षेत्र अच्छी स्थिति में नजर आ रहा है। उसका मुनाफा बढ़ रहा है और निवेशकों का विश्वास नए सिरे से बहाल हो रहा है। हाल ही में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री तथा इंडिया बैंक्स एसोसिएशन के एक सर्वेक्षण में इसकी पुष्टि हुई है। सर्वेक्षण में 23 बैंकों को शामिल किया गया था और उसने दिखाया कि बैंकिंग क्षेत्र कई मानकों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसमें परिसंपत्ति की गुणवत्ता तथा ऋण वृद्धि शामिल थी। सर्वे के निष्कर्षों में यह भी कहा गया कि बैंक अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) व्यवस्था को अपनाने को भी तैयार हैं और वे जलवायु अनुकूलन तथा उत्सर्जन में कमी की दिशा में भी कदम उठा रहे हैं। इसमें पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियां अपनाने को आर्थिक मदद देने, कागज का इस्तेमाल कम करने तथा तटीय इलाकों में जैव ईंधन का इस्तेमाल रोकने जैसे कदम शामिल हैं। ये पर्यावरण, सामाजिक और संचालन (ईएसजी) पहलों का हिस्सा हैं। सर्वेक्षण में शामिल बैंकों में से 83 फीसदी ने कहा कि उनके ऋण मानक आसान हुए हैं या अपरिवर्तित रहे हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक वृद्धि का अनुमान दर्शाया, एनपीए में कमी आने की बात कही और कहा कि क्षेत्रवार जोखिम में कमी आने की उम्मीद है। चुनिंदा क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक ऋण वितरण में इजाफा हुआ है। इसमें अधोसंरचना, लौह और इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण तथा औषधि क्षेत्र शामिल हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि ये वही क्षेत्र हैं जहां एनपीए का स्तर भी अधिक है। अगर इन क्षेत्रों की पहुंच आसान ऋण तक बनी रहती है तो इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बैंकों को एक बार फिर फंसे हुए कर्ज के चक्र में फंसने से बचना चाहिए। आमतौर पर बैंक अपने बही खातों में संकटग्रस्त परिसंपत्तियों को लेकर संतुष्ट हैं। सर्वेक्षण में शामिल 77 फीसदी बैंकों ने कहा कि बीते छह महीनों में उनके एनपीए में कमी आई है। आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 फीसदी के दायरे में रहेगा। यह आशावाद बेवजह नहीं है क्योंकि सकल एनपीए वित्त वर्ष 2018 के अंत के 11.6 फीसदी से कम होकर गत वर्ष सितंबर में 3.2 फीसदी रह गया था। फंसे हुए कर्ज में नया इजाफा भी कम हुआ है।स्वाभाविक सी बात है कि इससे बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार होगा। यह बहुत राहत की बात है क्योंकि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के बैंक अच्छी हालत में हैं। बहरहाल भविष्य के मुनाफे को लेकर चिंता बरकरार है। सर्वेक्षण में अधिक ब्याज दर वाले जमा की ओर स्पष्ट बदलाव देखने को मिला। करीब 70 फीसदी बैंकों ने कहा कि कुल जमा में करंट अकाउंट सेविंग्स अकाउंट (कासा) जमा की हिस्सेदारी कम हुई है। कासा कम लागत वाली जमा राशि है जो बैंकों द्वारा जुटाई जाती है। कम लागत वाली जमा राशि का अर्थ है कम मुनाफा मार्जिन। इसके अलावा वाणिज्यिक बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के आपस में जुड़े होने के कारण बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी के मामले बढ़ने से संकट के समय हालात मुश्किल हो सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने हालिया प्रकाशनों में इस बढ़ते जुड़ाव को रेखांकित किया था। इस संबंध में गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को अपने फंडिंग स्रोत में विविधता लानी चाहिए और उसे बैंकिंग से इतर ले जाना चाहिए।

# राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे भली-भांति तय वक्त पर पूरा करके दिखाएंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से आज काफी हद तक आराम मिलेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन व्यापार में निवेश के लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी दोस्त की आर्थिक रूप से मदद करने में सक्षम रहेंगे। विद्यार्थी अपने सीनियर्स से किसी प्रैक्टिकल को पूरा करने में मदद लेंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सचेत रहने की जरूरत हैं। सॉफ्टवेयर इंजीनीयर्स आज किसी टारगेट को पूरा कर लेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको ऑफिस में सहकर्मियों के साथ मिल-जुल कर रहना चाहिए, इससे आपको उनकी मदद मिलती रहेगी। नवविवाहित दम्पति के बीच मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज आप जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर्स आज कोई बड़ी डील फाइनल करेंगे, जिससे अच्छा लाभ होगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में किसी तजुर्बेदार व्यक्ति की सलाह मिल सकती है। आज जीवनसाथी से आपको कोई उपहार मिलेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। कपड़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज ऑनलाइन बड़ा आर्डर मिलेगा। राजनीति में आपका मान सम्मान होगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है। लवमेट्स के बीच हो रही गलत फहमियां आज ख़त्म होंगी। आज आप बाहर का ऑयली खाना खाने से परहेज करें। किसी दोस्त की सहायता से कॉलेज का रुका काम पूरा कर लेंगे। आज ऑफिस में आपका काम चेंज हो सकता है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज थोड़ा धैर्य बनाये रखने से आपके रुके कार्यों की पूर्ती होगी। आज आपका बिजनेस बेहतर तरीके से आगे बढ़ेगा। व्यावहारिक ज्ञान का स्तर उच्च रहेगा। स्वजनों के मध्य मेलजोल व प्यार बढ़ेगा। आज ऑफिस में आपका प्रमोशन होने के चांसेस हैं। आज पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। आज आपके कार्यक्षेत्र में किये गए सभी प्रयास सफल रहेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ डिनर पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे आपके बीच मधुरता बढेंगी। आज आपके आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। मीडिया से जुड़े लोगों को आज कोई अच्छी खबर मिलेगी। विद्यार्थी आज पढ़ाई में रूचि लेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी ख़ास मेहमान के आने से घर का माहौल खुशनुमा बनेगा। आज नयी सोंच से व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन स्पेशल रहेगा। ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा। छात्र आज कंप्यूटर सीखने का मन बनाएंगे। आज आप किसी जरुरी टॉपिक को क्लियर करेंगे। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान कुछ दिनों के लिए टालना पड़ सकता है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। विद्यार्थी आज टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाई करें तो अवश्य सफलता मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुभवी लोगों की सलाह उन्नति के द्वार खोलेगी। नए व्यापार शुरू करने से पहले अपने बड़ों की सलाह जरुर ले लें। ऑफिस में कई दिनों से रुका हुआ कार्य आज पूरा कर लेंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज अचानक धन लाभ होने की सम्भावना है। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए नई योजना बनाएंगे। प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को मेहनत जारी रखनी चाहिए। लवमेट्स को आज लंच पर जाने का मौका मिलेगा। शिक्षकों के वेतन में वृद्धि होने के आसार हैं। काफी समय से परिवार से दूर रहे लोगों को परिवारजनों से मिलने का मौका मिलेगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। ज्वैलरी का कारोबार कर रहे लोग अपने कारोबार को आगे बढाने का विचार बनायेंगे। आज जीवनसाथी के साथ घूमने जाएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। कॉलेज के किसी प्रतियोगिता के आपको अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। बच्चों का मन पढ़ाई से हट सकता है।

**मीन राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूर रहने का प्रयास करें। आपके दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी। साइबर कैफ़े चला रहे लोगों को आज अच्छा मुनाफा होने के योग बने हुए हैं। आज आपके पिता कोई कार्य करने के लिए आपसे कहेंगे। आज आपका स्वास्थय फिट रहेगा। सोशल मीडिया में आज आपकी रूचि बढ़ेगी। आज जल्दबाजी में लिया फैसला गलत भी हो सकता है, इसलिए थोड़ा सोच विचार कर ही फैसला करें।

# सरकार रूपी रोटी को उलटते-पलटते रहें

//रघु ठाकुर//

**2024 के लोकसभा चुनाव देश के लिये विशेष महत्व और चिंता के चुनाव है। जहां एक तरफ देश का एक बौद्धिक हिस्सा चुनाव के बाद की संभावनाओं को लेकर आशंका व्यक्त कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर देश के ग्रामीण और आम आदमी प्रधानमंत्री के प्रति उत्साह से सराबोर है। विशेषतरू राम मंदिर के निर्माण, फिर प्राण प्रतिष्ठा, फिर अबूधावी में स्वामी नारायण मंदिर का शिलान्यास और अब बनारस की ज्ञानव्यापी और मथुरा के श्रीकृष्ण मंदिर को लेकर एक जुनूनी वातावरण जैसा है।**

देश के बौद्धिक जगत के एक बड़े हिस्से में जो आशंकायें हैं वह हो सकता है कुछ कि राजनैतिक प्रतिद्वंदिता की वजह से भी हों या सत्ता हासिल करने के लिये पिछले कुछ समय से जिस प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप चुनावी बहस का आधार बनाये जाते हैं उन्हें देखते हुए इन आशंकाओं के पूर्वाग्रह होने के आरोप को भी एकदम नकारा नहीं जा सकता। परंतु कुछ समय से और विशेषतरू मप्र, छग और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भाजपा की कार्य पद्धति में जो परिवर्तन दिख रहे हैं वे कुछ आशंकाओं को सिद्ध तो करते हैं। वैसे तो पिछले लगभग आजादी के बाद से ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों के चयन में देश के सत्ताधारी दल के केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री का निर्णायक हस्तक्षेप रहा है। परंतु पिछले 55 वर्षों से यानि 1971 में श्रीमती इंदिरा गांधी के बहुमत से जीत जाने के बाद श्हाईकमान्य के नाम से मुख्यमंत्री नामजदगी की परंपरा शुरू हुई और यह बीमारी यहां तक पहुंची कि चुनाव के बाद पार्टियों के विधायक दल चाहे मुख्यमंत्री के पद का चुनाव हो या नेता प्रतिपक्ष का चयन हो, चयन करने के लिये स्वतंत्र नहीं होते तथा एक लाइन का प्रस्ताव पारित करते हैं कि हाईकमान को अधिकार दिया जाता है। यह एक प्रकार से दलों में लोकतांत्रिक प्रणाली का समापन और चरम व्यक्तिवाद और केंद्रीयकरण का उदभव था। यह चलन कांग्रेस के अलावा क्षेत्रीय पार्टियों में भी रहा क्योंकि क्षेत्रीय पार्टियों के राज्य प्रमुख जो होते हैं वे स्वयंभू सर्वेसर्वा होते हैं।

हालांकि भाजपा में यह चलन एकदम उस रूप में शुरू नहीं हुआ था जिस रूप में कांग्रेस में आया था। और वहाँ एक स्तर पर विधायकों की राय को भी जाना जाता था, जो संघ के लोग संगठन मंत्री होते थे वे भी अघोषित रायसुमारी विधायकों में करते थे और इन सब सूचनाओं के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व मुख्यमंत्री के पद का चयन करता था। परंतु इन तीन राज्यों के चुनाव में अप्रत्याशित और विशाल बहुमत की जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और विशेषतरू प्रधानमंत्री को एक छत्र शक्तिशाली बना दिया है। तथा केंद्रीयकरण का चरम रूप देखने को मिल रहा है। इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नामजदगियाँ बगैर किसी रायशुमारी के सीधे केंद्रीय नेतृत्व ने की है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दिखाने का प्रयास भी नहीं किया। विधायक दलों की बैठक में जो केंद्रीय पर्यवेक्षक भेजे गये उन्होंने विधायकों को एक पर्ची दिखाकर बता दिया कि यह केंद्र का निर्णय है और विधायकों ने बिना चू-चपड़ के पर्ची के आदेश को शिरोधार्य किया। पर्ची से मुख्यमंत्री के जन्म की यह नई परिपाटी जो भाजपा में शुरू हुई है यह लोकतांत्रिक तो नहीं ही है इसके साथ ही एक खतरनाक केंद्रीयकरण की भी शुरुआत है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संचालक और उनकी टीम की क्या भूमिका है मैं नहीं जानता, परंतु इसके पहले तक विधायक दलों के चुनाव में जो भूमिका संगठन मंत्रियों के माध्यम से संघ की सुनने या जानकारी में आती थी वह इस बार नहीं लग रही है। हालांकि संघ का शिक्षण व संस्कार भी एक अंधानुकरण का है, याने जिस प्रकार एक गड़रिया समूचे भेड़ों के समूह को हाँकता है और वे उसका आदेश मानकर चलती हैं वही अनुशासन की परिपाटी संघ की रही है। एक राजनैतिक दल के रूप में जनसंघ व भाजपा इस परिपाटी से अभी तक कम से कम दिखावे में मुक्त थी परंतु अब वह दिखावे का हिस्सा भी भाजपा ने छोड़ दिया। हालांकि इसका एक अच्छा भी परिणाम हुआ है कि लंबे समय तक मुख्यमंत्रियों के पदों पर बैठे रहे जो अपना गुट या समर्थकों अथवा कृपा वालों का गुट बनाकर स्थाई जैसे हो गये थे, उनके हाथ से सत्ता छिन गई। निरंतर और स्थाई सत्ता, जड़ता और तानाशाही पैदा करती है। इसलिये सत्ताधारी राजनैतिक दलों में भी परिवर्तन होना चाहिए। मेरी राय में तो हर 5 सालों में नेतृत्व में सत्ता के व संगठन के दोनों में परिवर्तन होना चाहिए। दलों के सत्ता और संगठन के नेतृत्व में परिवर्तन होते रहने से नया नेतृत्व उभरेगा तथा परिवारवाद भी कम होगा। यह लोकतंत्र के लिये भी शुभ है और नये नेतृत्व के लिये उभरने के लिए आवश्यक है। जिस प्रकार पुराना वृक्ष जिसकी जड़ें मजबूत हो जाती हैं, वह सारा रस खींच लेता है और अपने नीचे आस-पास किसी नये पौधे को नहीं पनपने देता वही स्थिति राजनीति की भी होती है। एक जो दूसरा चिंताजनक पहलू है वह भी विचारणीय है। इन विधानसभा के चुनाव में और चुनाव के बाद पार्टी और सरकार के कार्यक्रम के नाम पर एक नया जुमला शुरू हुआ है, वह है मोदी गारंटी। विधानसभा चुनाव में स्वतरू प्रधानमंत्री ने मोदी गारंटी का सभाओं में उल्लेख किया। यह कहते हुये कि मोदी गारंटी मतलब उसका क्रियान्वयन होना निश्चित है। इस कथन का एक अर्थ यह हुआ कि जो वायदे सूबाई सरकार के मुखिया कर रहे थे उनके क्रियान्वयन की गारंटी नहीं थी बस केवल प्रधानमंत्री जी के वायदे के क्रियान्वयन की गारंटी है तथा विधानसभा चुनाव की जीत के बाद भी यही कहा गया कि जीत का कारण केवल मोदी गारंटी है। याने देश की जनता का विश्वास एक मात्र केवल मोदी जी पर ही है और अब भाजपा शासित सभी राज्यों पर हर विज्ञापन में सिर्फ दो ही चित्र दिखते हैं ऊपर प्रधानमंत्री का, नीचे मुख्यमंत्री का।

इतना ही नहीं राज्यों में हो रहे छोटे बड़े हर काम का लोकार्पण, विमोचन, शिलान्यास और शुरुआत प्रधानमंत्री जी या तो सशरीर उपस्थित होकर या फिर वर्चुअली याने वीडियो कांफ्रेंस से कर रहे हैं और उनके हर कार्यक्रम और भाषण को राज्यों में मंत्रियों, मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों को सुनना और देखना अपरिहार्य है। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम कहने को सरकारी होता है, खर्च और व्यवस्था पूर्णतरू सरकारी होती है परंतु वह पूर्णरूपेण दलीय कार्यक्रम होता है। प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के नाम पर इन आयोजनों में सभी बड़े-छोटे नौकरशाह और कर्मचारी भी शामिल होते हैं यह एक प्रकार से नौकरशाही का दलीयकरण है और दलों का नौकरशाहीकरण है।

भारतीय संविधान ने देश के प्रशासन तंत्र को याने नौकरशाही को दलीय राजनीति से मुक्त रखा है। हमारे देश में इन्डपेंडेंट ब्यूरोक्रेसी है। कमिटेड ब्यूरोक्रेसी नहीं है। दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां कमिटेड याने प्रतिबद्ध नौकरशाही है। जैसे अमेरिका में यह परंपरा है कि राष्ट्रपति के चुनाव के बाद पिछले राष्ट्रपति के विश्वसनीय उच्च नौकरशाह बदल जाते हैं और नव नियुक्त राष्ट्रपति अपने पक्ष के नौकरशाहों को लाता है। कम्युनिष्ट देशों में तो दलीय तंत्र ही सत्ता तंत्र होता है। वहां दल के संगठन का निर्वाचन होता है और वही जनमत का निर्णय मान लिया जाता है। यह साम्यवादी तानाशाही होती है परंतु भारत और यूरोप के लोकतांत्रिक देशों में अभी तक यह चलन नहीं था। भारत की ब्यूरोक्रसी को शायद पहले चरण में कमिटेड ब्यूरोक्रेसी बनने के लिये मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी संसद से लेकर सड़क तक और अब उनकी पार्टी भी मोदी इस बार चार सौ पार का नारा लगा रही है। एक राजनैतिक दल के रूप में अपना लक्ष्य तय करने का अधिकार सभी दलों को होता है और उनको भी है परंतु लगातार चार सौ की सख्या के उल्लेख के पीछे कुछ अन्य मनोवैज्ञानिक संकेत भी हो सकते हैं जैसे भारतीय संविधान को बदलने के लिये और नया एक धर्म के देश का संविधान लाने के लिये, न्यायपालिका को सत्ता परक बनाने व उसकी स्वतंत्रता समाप्त करने के लिये संसद का तीन चैथाई सदस्य संख्या घोषित रूप से नहीं पर अघोषित रूप से जरूरी है और मौखिक प्रचार से गांव-गांव में यह कहा भी जा रहा है कि मोदीजी को हमें इसलिये 400 की संख्या में जिताना है कि वे संविधान को बदल सकें और हिंदू राष्ट्र बना सकें।

जिस प्रकार का मोदी गारंटी और मोदी का चित्र और नाम का प्रचार हो रहा है उससे एक ओर आशंका को बल मिलता है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि श्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा आगामी लोकसभा के चुनाव में 400 की संख्या लाने के बाद देश में संवैधानिक ढांचे को बदल दें और अभी देश ने जो संसदीयलोकतंत्र स्वीकार किया है उसे बदलकर राष्ट्रपति प्रणाली लाने का भीतर का लक्ष्य हो। तब यह प्रचार किया जायेगा कि संसदीय लोकतंत्र होने की वजह से सरकार काम नहीं कर पाती है याने लोकसभा और राज्यसभा में प्रतिपक्ष अडंगेबाजी करता है इसलिये अब देश में राष्ट्रपति प्रणाली होना आवश्यक है ताकि एक ही व्यक्ति सारे निर्णय कर सके। यह आशंका इसलिये भी तार्किक लगती है क्योंकि संघ के मूल विचारक स्वर्गीय गुरु गोलवलकर जी ने अपनी पुस्तक में एक व्यक्ति केन्द्रित राष्ट्र की कल्पना की है। वो संसदीय लोकतंत्र के पक्षधर नहीं थे बल्कि राष्ट्रपति प्रणाली के पक्षधर थे। वैसे भी कई हजार वर्ष से भारत राजतंत्रीय और रजवाड़ों का मुल्क रहा है जहां लोगों की मानसिकता कमोवेश अभी भी राजा को चुनने और देखने की है। और उसके इस मानस में नये राजतंत्र को स्वीकृत कराना आसान हो जायेगा। मुझे याद है कि जब श्री शिवराज सिंह चैहान पहली बार मुख्यमंत्री बने थे और उनके विधानसभा क्षेत्र दौरे के समय उनके जूते तत्कालीन कलेक्टर ने उन्हें उठाकर दिये थे जिसके समाचार और चित्र अखबारों में छपे थे। जब इसकी आलोचना हुई तो तत्कालीन भाजपा के संगठन मंत्री श्री कप्तान सिंह सोलंकी ने बयान दिया था कि इसमें कुछ गलत नहीं है। मुख्यमंत्री राजा होता है। कांग्रेस पार्टी में तो पहले ही यह हो चुका है। 1976 में आपातकाल में स्व. संजय गांधी के जूते उठाते तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. नारायणदत्त तिवारी के चित्र सारे देश में देखे गये थे। उत्तरप्रदेश जैसे विशाल प्रदेश का मुख्यमंत्री उम्रदराज और वह भी जनमना जाति से ब्राह्मण अगर प्रधानमंत्री के बेटे के जूते उठा सकता है तो इस देश को कुछ भी स्वीकार्य हो सकता है। मैं व्यक्ति विरोधी नहीं हूं, न मोदी का भक्त हूं न अंध विरोधी हूं परंतु भारतीय लोकतंत्र को कायम रखने के लिये मैं चाहता हूं कि जनता हर पांच वर्ष में सरकारों को बदले ताकि सरकारें स्थिर होकर जड़ और तानाशाह न बन सकें। डॉ.लोहिया कहते थे कि जनता की सरकारों को रोटी के समान उलटते-पलटते रहना चाहिए तभी वे स्वादिष्ट रहती हैं, अन्यथा जलकर बेकार हो जाती हैं।

# दिल्ली में क्या होगा उप राज्यपाल का अगला कदम!

//आदिति फडणीस//

**दिल्ली सरकार को 25 मई के पहले बर्खास्त किया जाएगा या उसके बाद। फिलहाल यही इकलौता प्रश्न है। दिल्ली में उसी दिन लोक सभा चुनाव हैं। उसके पहले कोई कदम उठाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली की सीटें जीतने की संभावना पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच तानों की जंग जितनी लंबी चलेगी, उतने लंबे समय तक केजरीवाल को यह साबित करना होगा कि वह एक दमनकारी सरकार के राजनीतिक बंदी हैं, न कि एक भ्रष्ट व्यक्ति जैसा कि भाजपा दावा कर रही है। हर दूसरे दिन जेल में बंद मुख्यमंत्री के साथी बाहर यह घोषणा करते हैं कि उन्होंने जेल से क्या 'निर्देश' दिया है या क्या 'निर्णय' लिया है। इसकी प्रतिक्रिया में उप राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि दिल्ली की सरकार जेल से नहीं चलेगी।**

हमें एक बात समझ लेनी चाहिए कि अनुच्छेद 239 एए और एबी के तहत दिल्ली के उप राज्यपाल को यह अधिकार है कि वह भारत के राष्ट्रपति को सूचित करें कि ऐसी स्थिति बन गई है जहां राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का प्रशासन संविधान सम्मत तरीके से से नहीं चलाया जा सकता है और वह सरकार को बर्खास्त करने की अनुशंसा कर सकते हैं।

उन्हें इसमें इतना वक्त क्यों लग रहा है। लोक सभा में दिल्ली से आम आदमी पार्टी (आप) का कोई सांसद नहीं है। वहां सभी सात सांसद भाजपा के हैं। उप राज्यपाल के प्रतिनिधित्व वाली केंद्र सरकार का वास्तविक लक्ष्य है राज्य सरकार की विश्वसनीयता को प्रभावित करना। आमतौर पर यह काम पार्टी की प्रदेश इकाई का होता है। इस मामले में भाजपा की दिल्ली इकाई इतनी निष्प्रभावी है कि उसे इस काम के लिए संवैधानिक मुखिया की मदद लेनी पड़ी जबकि यह काम निर्वाचित नेताओं का था।विनय कुमार सक्सेना को 2022 में दिल्ली का उप राज्यपाल बनाया गया था। इससे पहले 2015 में उन्हें खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का अध्यक्ष बनाया गया था। मूल रूप से कानपुर के रहने वाले सक्सेना ने अपना करियर राजस्थान की एक निजी कंपनी में सहायक अधिकारी के रूप में शुरू किया था। सन 1995 में वह धोलेरा बंदरगाह परियोजना के महा प्रबंधक बनकर गुजरात चले गए जिसे अदाणी पोर्ट्स लिमिटेड और जे के व्हाइट सीमेंट द्वारा विकसित किया जा रहा था। उन्हें न केवल सीईओ बनाया गया बल्कि परियोजना का निदेशक भी बना दिया गया।वर्ष 2000 से आज तक सक्सेना को अगर किसी से डर लगा है तो वह हैं मेधा पाटकर। सन 1990 के दशक में जब सरदार सरोवर बांध की ऊंचाई बढ़ाने के विरुद्ध बाबा आमटे और मेधा पाटकर के नेतृत्व वाला नर्मदा बचाओ आंदोलन चरम पर था उस समय सक्सेना ने एक स्वयंसेवी संगठन की स्थापना की जिसका नाम था नैशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज (एनसीसीएल)। उन्होंने आलेख प्रकाशित कराने आरंभ किए और पाटकर की गतिविधियों के विरुद्ध सशुल्क विज्ञापन देने शुरू किए। उन्होंने आरोप लगाया कि वह राष्ट्र विरोधी हैं तथा उन्हें संदिग्ध विदेशी माध्यमों से पैसे मिल रहे थे। पाटकर की मांगें एकदम साधारण थीं- बांध की ऊंचाई बढ़ाने से निश्चित तौर गुजरात और राजस्थान के कई जल संकट वाले इलाकों की प्यास बुझाने में मदद मिलती लेकिन इससे मध्य प्रदेश के हजारों लाखों लोगों को अपने घरों से उजड़ना पड़ता।

बांध की ऊंचाई बढ़ाने तथा जल भराव वाले इलाके का विस्तार करने से पहले इन लोगों का पुनर्वास करना जरूरी था। इन दलीलों के सही गलत होने से परे नर्मदा बचाओ आंदोलन एक समय गुजरात में बदनाम हो गया था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने अपने रुख के समर्थन में हरसंभव सहायता जुटाने की कोशिश की। राज्य सरकार की ओर से सक्सेना ने बीड़ा उठाया और पाटकर के खिलाफ मुकदमा लड़ा।बदले में पाटकर ने उनके खिलाफ अवमानना के मामले दायर किए जो अभी भी चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रिय काम के लिए सक्सेना का समर्थन यहीं नहीं रुका। उनके स्वयंसेवी संगठन ने ही चिंतक आशिष नंदी के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी। उनका आरोप था कि 2007 के विधानसभा चुनाव के बाद नंदी ने एक लेख लिखा था जिसने राज्य की 'छवि खराब' की थी और 'हिंदुओं तथा मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक दुर्भावना' बढ़ाई।प्रतिवाद में नंदी ने कहा कि यह प्राथमिकी दुर्भावना के साथ दर्ज कराई गई है और उन्हें उनके विचार व्यक्त करने के लिए दंडित करने की कोशिश की जा रही है। गुजरात पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने गई और आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने 2011 में नंदी को राहत प्रदान की।सक्सेना के कार्यकाल में ही केवीआईसी को कॉर्पोरेट में बदला गया और उसने मुनाफा कमाया। परंतु यह आदेश भी था कि उसके कर्मचारी आजीवन खादी के बने कपड़े पहनेंगे। सक्सेना के नेतृत्व में केवीआईसी ने प्रमुख कपड़ा ब्रांड मसलन रेमंड्स और अरविंद मिल्स के साथ अनुबंध किए ताकि खादी की मार्केटिंग की जा सके।2017 में पहली बार फैब इंडिया जैसी कंपनियों और एमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी वेबसाइटों को ट्रेडमार्क के उल्लंघन का कानूनी नोटिस दिया गया क्योंकि ये कंपनियां और प्लेटफॉर्म जिन कपड़ों को खादी के नाम से बेच रहे थे वे खादी नहीं थे और 'उन पर केवीआईसी द्वारा जारी टैग या लेबल नहीं लगा था।'

# तस्वीरों की दुनिया



गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद में गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार के दौरान लोग प्रार्थना करते हुए।



राजस्थान के जोधपुर से भाजपा उम्मीदवार गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में जोधपुर में नामांकन दाखिल किया।



हैदराबाद में तेलंगाना के सीएम रेवंत के घर के सामने डीजल डालकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस कर्मियों ने रोका।



हैदराबाद में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और एआईसीसी प्रभारी दीपादास मुंशी की मौजूदगी में जीएचएमसी मेयर गडवाला विजयालक्ष्मी कांग्रेस में शामिल हुईं।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भारत रत्न प्रदान करने के लिए आयोजित एक समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी.नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में एक समारोह के दौरान कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन (मरणोपरांत) को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।



झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने नई दिल्ली में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की।

# भोजशाला के नीचे तलघर होने का अनुमान, एएसआई सर्वे के नौवें दिन एक नए स्थान पर शुरू हुई खुदाई



**धार, 31 मार्च [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में धार के ऐतिहासिक भोजशाला में नौवें दिन शनिवार को रंगपंचमी पर भी एएसआइ का सर्वे जारी रहा। इसके तहत भोजशाला के दक्षिण भाग में एक नए स्थान पर खोदाई शुरू की गई, इसके साथ ही 50 मीटर के क्षेत्र को केंद्रित करते हुए विभिन्न स्थलों का दस्तावेजीकरण किया गया। जिस तरह खोदाई कार्य चल रहा है, उससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि भोजशाला के नीचे एक तलघर हो सकता है। प्राथमिक रूप से यह सामने आया है कि 10-15 फीट गहराई तक की खोदाई में भोजशाला की नींव नहीं मिल पा रही है। इसी से अनुमान लगाया जा रहा है कि यहां पर एक तलघर हो सकता है और नींव अधिक गहराई तक हो सकती है। यदि यहां तलघर निकलता है तो कई नई बातें सामने आ सकती हैं। तलघर की संभावना के चलते सावधानी से कार्य किया जा रहा है। हाई कोर्ट इंदौर खंडपीठ के आदेश पर भोजशाला का सर्वे कार्य 22 मार्च से किया जा रहा है। वाराणसी के ज्ञानवापी में जिन सात विशेषज्ञों ने काम किया था, वे यहां पहुंच चुके हैं और अपना कार्य शुरू कर दिया है।बता दें कि हिंदुओं के मुताबिक भोजशाला सरस्वती देवी का मंदिर है। सदियों पहले मुसलमानों ने इसकी पवित्रता भंग करते हुए यहां मौलाना कमालुद्दीन की मजार बनाई थी और अंग्रेज अधिकारी वहां लगी वाग्देवी की मूर्ति को लंदन ले गए थे। भोजशाला की बुनियाद और उसकी प्राचीनता का पता लगाने के लिए तीन स्थानों पर खोदाई हो रही है। पिछले हिस्से की दो जगहों पर करीब 15-15 फीट तक गड्ढे किए जा चुके हैं, जबकि एक अन्य गड्ढा 10 फीट से अधिक गहरा हो चुका है। शनिवार को चौथे स्थान पर खोदाई शुरू हुई है। याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि जल्द ही सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। भोजशाला एक मंदिर है और इसके प्रमाण मिलने लगे हैं। उधर, मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद ने बताया कि हम इस मामले में कोर्ट में जा रहे हैं। सर्वे को लेकर कुछ मामलों में हमारी आपत्ति है।

## पत्नी ने स्टेटस पर की पति को मारने वाले को 50 हजार का इनाम देने की घोषणा

**आगरा।** आगरा में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है जिसमें एक पत्नी ने अपने व्हाट्सऐप के स्टेटस पर पति को मारने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम देने की बात लिखी है। मामला आगरा के थाना बाह क्षेत्र का है। पत्नी का व्हाट्सऐप स्टेट्स देखने के बाद पति दहशत में है और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर मदद की गुहार लगाई है, साथ ही पत्नी के दोस्त पर भी धमकाने का आरोप लगाया है। बाह थाने के प्रभारी श्याम सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। महिला के पति ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि उसकी शादी नौ जुलाई 2022 को भिंड के एक गांव की युवती से हुई थी। शादी के बाद अक्सर विवाद होने लगा और पांच महीने बाद दिसंबर 2022 में उसकी पत्नी मायके चली गई और तब से वहीं रह रही है। शिकायत के अनुसार पत्नी ने भिंड में भरण पोषण का वाद भी दायर कर दिया है।युवक के अनुसार 21 दिसंबर 2023 को तारीख से लौटते समय ससुरावालों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी और अब पत्नी ने अपने व्हाट्सऐप पर उसे मारने वाले को 50 हजार रुपये देने का स्टेटस लगाया है। युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी के स्टेटस पर लिखा है ''मेरी मर्जी के खिलाफ शादी हुई है।

## धमाकेदार होगा अप्रैल का महीना, दिव्यांका की अदृश्यम समेत ये सीरीज होंगी रिलीज



**नईदिल्ली, 31 मार्च [एजेंसी]।**

आने वाला अप्रैल का महीना वेब सीरीज लवर्स के लिए बेहद खास होने वाला है। अप्रैल में एक या दो नहीं, बल्कि कई धमाकेदार सीरीज दर्शकों का दिल जीतने आ रही हैं। इसमें लूट सीजन 2 से लेकर दिव्यांका त्रिपाठी की अदृश्यम तक शामिल है। चलिए देखते हैं अप्रैल में आने वाली सीरीज की लिस्ट।इस सीरीज को इंग्लिश भाषा में नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है। इसमें पेप गार्डियोला, एर्लिंग हालैंड समेत कई सितारे दिखाई देने वाले हैं। लूट सीजन 2 शानदार अंदाज में बुधवार 3 अप्रैल 2024 को एप्पल टीवी पर लौट रहा है। इस सीरीज में माया रूडोल्फ, एडम स्कॉट और जोएल किम बूस्टर समेत कई स्टार कलाकार दिखाई देने वाले हैं। ये मेरी फैमिली सीजन 3 आने वाली 4 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाला है।

इसमें जूही परमार, राजेश कुमार, हेतल और अंगद समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं। इस सीरीज को मंदार कुरुंदकर ने डायरेक्ट किया है।यह सीरीज 10 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।छोटे पर्दे की एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी की वेब सीरीज अदृयश्म सोनी लिव पर 11 अप्रैल को रिलीज होने के लिए तैयार है। इस सीरीज में 65 एपिसोड होने वाले हैं। दिव्यांका के साथ इसमें बिग बॉस के कंटेस्टेंट रह चुके एजाज खान भी दिखाई देने वाले हैं।

## प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ मुकदमा बंद करने के लिए कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा, वॉशिंग मशीन के साथ प्रेस कांफ्रेंस की

**नईदिल्ली, 31 मार्च [एजेंसी]।**



एअर इंडिया विमानों की खरीद घोटाले के मामले में घिरे राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा बंद करने के सीबीआई के फैसले को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कहा कि भाजपा जिन नेताओं पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाती है, उन्हें भाजपा-एनडीए गठबंधन में शामिल कराकर मुकदमे वापस ले लेती है।पार्टी के अनुसार, शरद पवार से बगावत कर अजीत पवार के साथ भाजपा के सहयोगी बने प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ मुकदमा बंद किया जाना इसका ताजा उदाहरण है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में वॉशिंग पाउडर और वॉशिंग मशीन के साथ प्रेस कांफ्रेंस करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के पास ऐसी वॉशिंग मशीन है, जिसमें 10 साल पुराना केस भी डालो तो आरोपित बेदाग निकलता है।मशीन के साथ ही ये कमाल मोदी वॉशिंग पाउडर का भी है। राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल इसके जीते-जागते उदाहरण हैं। भाजपा ने उन पर एअर इंडिया घोटाले का आरोप लगाते हुए 2014 के लोकसभा चुनाव के आरोपपत्र में इसे शामिल किया था। भाजपा ने इसे लगभग 25,000-30,000 करोड़ का घोटाला बताया था।

उस समय कैग विनोद राय ने भी अनाप-शनाप टिप्पणियां की थीं। इसे लेकर सीबीआई ने प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ 2017 में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया था।खेड़ा ने कहा कि 2019 में भाजपा ने पटेल के खिलाफ कुछ घिनौने आरोप लगाते हुए दावा किया था कि वह 1993 के मुंबई बम धमाकों के आरोपित इकबाल मिर्ची के साथ एक संपत्ति सौदे में शामिल थे। राकांपा को तोड़कर महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन में शामिल होते ही उनके सारे दाग साफ हो गए।उन्होंने कहा कि ये महज एक नाम नहीं है, बल्कि ऐसे 21 उदाहरण हैं, जिन्हें भाजपा द्वारा उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और गैरकानूनी कार्य करने के आरोप लगाने के बाद पाक-साफ कर दिया गया है। इसका कारण साफ है कि या तो वे भाजपा में शामिल हो गए या वे एनडीए गठबंधन में शामिल हो गए।

## पलामू में ऑनलाइन जुआ खिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने 30 मोबाइल, पॉच लैपटॉप- 9 कंप्यूटर सेट किए जब्त



**मेदिनीनगर, 31 मार्च [एजेंसी]।**

पलामू पुलिस ने आनलाइन जुआ खिलाने के गिरोह का उद्भेन किया है। यह मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चियांकी स्थित राधिका निवास के पहले तल पर आनलाइन बेटिंग एप्प के माध्यम से लोगों को जुआ खिलाते थे। पुलिस ने गिरोह के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसमें चतरा जिला के सिमरिया निवासी मुकेश कुमार, रांची के अरगोड़ा निवासी आनंद कुमार, अमित कुमार, रामगढ़ जिला के मांडू निवासी राजेश कुमार, रांची रवि स्टील का रोहित कुमार सोनी, बिहार के सिवान जिला के मैरवा निवासी ऋषिराज सिंह, उतरप्रदेश के देवरिया जिला के लार निवासी अविनाश कुमार, हजारीबाग के केरेडारी निवासी सुशील कुमार सोनी, मनीष कुमार, नीरज कुमार, हजारीबाग के चरही निवासी विकास कुमार महतो, पिंटू कुमार व पलामू के मेदिनीनगर सदर थाना के जमुने गांव निवासी पारसनाथ प्रजापति शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से सिम समेत 30 मोबाइल, पांच लैपटाप, नौ कंप्यूटर सेट, नौ यूपीएस, नौ राउटर, पांच सीमकार्ड बरामद किया है। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 24/2024, दिनांक 30.03.2024 भादवि की धारा 420, 34,आइटी एक्ट 66 डी व 11 बंगाल गेमिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है।

पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने शनिवार को पुलिस कार्यालय सभागार में प्रेस वार्ता की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उक्त गिरोह का सरगना रांची का रहने वाला है। वह 15-15 हजार की पगार पर झारखंड, बिहार, यूपी के युवकों से आनलाइन जुआ खेलवाता था। इसमें इच्छुक लोगों से राशि लेकर लागइन आइडी, पासवर्ड के साथ व्हाट्सअप पर लिंक भेजा जाता था।इस लिंक पर क्लिक कर लोग आनलाइन जुआ खेलते थे। उन्होंने कहा कि गिरोह के सभी सदस्य रुपयों का लेनदेन आनलाइन करते थे। आनलाइन जुआ में कौन-कौन जुआ खेला जाता था या आनलाइन लेनदेन का विवरण इलेक्ट्रानिक उपकरणों के फोरेंसिक जांच से पता चल सकेगा।कहा कि गिरोह के सरगना की गिरफ्तारी के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। मौके पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, सर्किल इंसपेक्टर सुरेश राम, सदर थाना प्रभारी उतम कुमार राय, पुलिस अवर निरीक्षक श्याम जय कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक नबी अंसारी मौजूद थे।

## उद्धव ठाकरे और उनके बेटे नहीं तय कर सकते मुंबई का भाग्य, पीयूष गोयल ने आदित्य ठाकरे को दिया करारा जवाब



**नईदिल्ली, 31 मार्च [एजेंसी]।**

केंद्रीय मंत्री और मुंबई उत्तर से भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल ने शनिवार को उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे और उनके बेटे मुंबई का भाग्य तय नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा कि यह शहर उन सभी के सपनों और आकांक्षाओं को कायम रखता है जो इसे अपना घर कहते हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि जो भी लोग इस शहर की झुग्गियों में रहते हैं उन्हें भी बेहतर जीवन जीने का पूरा अधिकार है।गोयल का यह बयान शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आदित्य ठाकरे के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने मुंबई से झुग्गियों को जबरन हटाने और इनमें रहने वाले लोगों को नमक से अटी पड़ी (साल्ट पैन लैंड) तटीय भूमि पर स्थानांतरित करने की योजना बनाने का आरोप लगाया था। पीयूष गोयल ने कहा कि मुंबई को दुनिया के सबसे बेहतरीन शहरों में से एक में तब्दील करने के दृष्टिकोण के लिए मेरा विरोध करना उनके विकास-विरोधी एजेंडे को दर्शाता है।मालूम हो कि एक साक्षात्कार में गोयल ने कहा था कि यदि वह निर्वाचित होते हैं तो वह एक ऐसी परियोजना पर काम करेंगे, जो इस निर्वाचन क्षेत्र को पूरी तरह से साफ कर देगी। इस क्षेत्र में मलाड, कांदिवली और बोरीवली जैसे उत्तरी उपनगर शामिल हैं। गोयल ने झुग्गी-झोपड़ियों के पुनर्वास के लिए मुंबई में नमक से आच्छादित भूमि को पुनर्वितरित करने के विचार का स्वागत किया था। ठाकरे ने कहा कि यह एक बहुत ही खतरनाक योजना है। जो लोग झुग्गियों में रहते हैं, उनकी आजीविका वहीं के आसपास चलती है। हम भाजपा को झुग्गियों को ऐसे क्षेत्र में स्थानांतरित करने की उनकी योजना पर आगे नहीं बढ़ने देंगे।

## आरएसएस ने चुनाव आयोग से की संगठन को बदनाम करने वाले पर कार्रवाई की मांग

**नागपुर, 31 मार्च [एजेंसी]।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने चुनाव आयोग और पुलिस को पत्र लिखकर संगठन का नाम खराब करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। आरएसएस नागपुर महानगर के सचिव ने आयोग को लिखे एक पत्र में कहा है कि स्थानीय निवासी जनार्दन मून ने एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया था। इसमें उन्होंने लोकसभा चुनाव में संगठन द्वारा कांग्रेस का समर्थन करने का दावा किया था। पत्र में कहा गया है कि मून ने पहले आरएसएस नाम से एक संस्था पंजीकृत कराने की कोशिश की थी, लेकिन सहायक रजिस्ट्रार ने इसे खारिज कर दिया था। इस अस्वीकृति को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाएं बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी खारिज कर दी थीं।

पत्र में मून के खिलाफ धोखाधड़ी, दुश्मनी पैदा करने के लिए अफवाहें फैलाने और अन्य अपराधों के लिए कार्रवाई की मांग की गई है। इसके साथ ही यूट्यूब को उस प्रेस कान्फ्रेंस के वीडियो को हटाने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। नागपुर पुलिस को लिखे पत्र में कहा गया है कि जनार्दन मून के पास आरएसएस जैसी कोई पंजीकृत संस्था नहीं है, लेकिन केवल गुमराह करने के लिए वह विभिन्न स्थानों पर प्रेस कान्फ्रेंस कर रहे हैं।

## इमरान खान के 51 समर्थकों को नौ मई हिंसा में पांच साल की सजा, पीटीआई विधायक कलीमुल्लाह खान भी जाएंगे जेल



**लाहौर, 31 मार्च [एजेंसी]।**

पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को इमरान खान के 51 समर्थकों को नौ मई हिंसा में पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पिछले साल मई में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थकों ने भ्रष्टाचार मामले में इमरान की गिरफ्तारी के खिलाफ गुस्सा जाहिर करते हुए रावलपिंडी में सेना मुख्यालय और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला बोल दिया था।

एटीसी जज नताशा नसीम ने कड़ी सुरक्षा के बीच यह फैसला सुनाया। नौ मई हिंसा के संबंध में पीटीआई नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के खिलाफ दर्ज मामलों में यह पहली सजा है।दोषियों में पीटीआई विधायक कलीमुल्लाह खान भी शामिल हैं। अदालत ने उनमें से प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

पीटीआई का दावा है कि उसके 10,000 से अधिक नेता, कार्यकर्ता और समर्थक विभिन्न जेलों में बंद हैं। उन्हें फर्जी आरोपों के खिलाफ खुद का बचाव करने का उचित मौका नहीं दिया गया है।इमरान खान खुद पिछले साल अगस्त से जेल में हैं और आठ फरवरी के चुनाव से ठीक पहले उन्हें तीन अलग-अलग मामलों में 31 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

## ..तो ट्रंप नहीं बनेंगे अमेरिका के राष्ट्रपति! बाइडन को विश्व नेताओं ने ये क्या सलाह दे दी

**न्यूयार्क, 31 मार्च [एजेंसी]।**



न्यूयार्क में एक रैली के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्व के अधिकांश नेताओं ने उनसे कहा है कि आगामी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं जीतने देना। उन्हें डर है कि इससे उनका लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। चाहे जी 20 शिखर सम्मेलन हो या कोई अन्य अवसर हर बार यही देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि जो वह कह रहे हैं अतिशयोक्ति नहीं है। दुनिया के लगभग हर नेता मुझसे यह बात कहने के लिए अकेले में बात करने का बहाना खोजते थे। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कहा है कि अगर वह नवंबर में चुनाव में हारे तो खून खराबा होगा। आखिर उसे हुआ क्या है। यह मुझे सबसे अधिक चिंतित करता है। बाइडन ने कहा कि यह वह व्यक्ति है जिसने उन देशों के खिलाफ जो चाहे कदम उठाने के लिए रूस को उकसाया जो अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत रक्षा पर खर्च नहीं करते। इस बीच बाइडन की ओर से कैंपेन अभियान संभाल रही टीम ने निक्की हेली के समर्थकों को लुभाने का प्रयास शुरू किया है। वह रिपब्लिकन की रेस से हाल ही में बाहर हुई हैं।ट्रंप की टिप्पणियों को विभिन्न माध्यमों पर दिखाया जा रहा है। इसमें ट्रंप कहते नजर आ रहे हैं कि मुझे जीतने के लिए हेली के समर्थकों के वोट की जरूरत नहीं है। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन के संभावित उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें जो बाइडन बंधक के रूप में रस्सी से बंधे पिकअप ट्रक के पीछे नजर आ रहे हैं। यह वीडियो पोस्ट होने के बाद वायरल हो गया। इसे लेकर बाइडन समर्थकों ने ट्रंप की आलोचना की है। यह वीडियो लांग आइलैंड का बताया गया है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान के काफिले पर पथराव से मची अफरातफरी, कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त



**खतौली, 31 मार्च [एजेंसी]।**

गांव मढकरीमपुर में शनिवार देर शाम चुनावी कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी डा. संजीव बालियान के काफिले पर कुछ युवकों ने पथराव कर दिया। काफिले में कई गाड़ियों के शीशे टूट गए। इसे लेकर गांव में हंगामा भी हुआ। पुलिस गांव पहुंची और मामले की छानबीन की। शनिवार को कस्बा खतौली में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन समारोह था, लेकिन केंद्रीय राज्यमंत्री नहीं पहुंचे। देर शाम थाना क्षेत्र के गांव मढ़करीमपुर में प्रधान राकेश कुमार के यहां कार्यक्रम था। केंद्रीय राज्यमंत्री का काफिला जब गांव में पहुंचा तो कुछ युवकों की भीड़ ने सड़क किनारे खड़े होकर पहले नारेबाजी की। केंद्रीय राज्यमंत्री के समर्थकों ने पथराव का विरोध करते हुए हंगामा किया। आरोपित युवकों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह खेतों के रास्ते भाग गए। खतौली सीओ यतेंद्र सिंह नागर, इंस्पेक्टर उमेश कुमार रोरिया पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले समर्थकों ने केंद्रीय राज्यमंत्री को उनकी क्षतिग्रस्त गाड़ियों के साथ गांव से सुरक्षित बाहर निकाल दिया।उधर, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया, केंद्रीय राज्यमंत्री के काफिले पर पथराव की सूचना मिली है। सीओ खतौली को जांच के लिए भेजा गया है। अभी इस संबंध में किसी ने तहरीर नहीं दी है।गांव मड़करीमपुर में जब मैं ग्राम प्रधान के आवास पर बैठा था, उस समय कुछ असामाजिक तत्वों ने काफिले की गाड़ियों पर पथराव किया। ईंट बरसाकर कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए और फरार हो गए। पुलिस को सूचना दे दी गई है।

## नहीं है मतदाता पहचान पत्र, लेकिन मतदाता सूची में है नाम तो भी डाल सकेंगे वोट

**नोएडा।** लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने को लिए जिला निर्वाचन आयोग की ओर से जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। 18 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं ऐसे लोग जिन्होंने मतदाता पहचान के लिए आवेदन किया था, लेकिन अबतक मतदाता पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुआ। वह भी मतदान की प्रक्रिया भी हिस्सा ले सकेंगे। बशर्ते उनका मतदाता सूची में होना चाहिए। नोएडा विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विवेकानंद मिश्र का कहना है कि मतदाता जागरूकता के लिए हर जरूरी प्रयास किए जा रहे हैं। जिन लोगों ने मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए आवेदन किया था। उनमें ज्यादातर लोगों के वोटर कार्ड बनकर आ चुके हैं। सेक्टर-19 स्थित मतदाता पंजीकरण केंद्र (वीआरसी) सेंटर से लोगों के घरों तक मतदाता पहचान पत्र पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

## भाजपा विधायकों को छूने की हिम्मत न करे कांग्रेस, 48 घंटे में गिर जाएगी सरकार, तेलंगाना में विपक्ष के नेता की चेतावनी



**हैदराबाद, 31 मार्च [एजेंसी]।**

तेलंगाना में भाजपा विधायक दल के नेता ए. महेश्वर रेड्डी ने शनिवार को चेतावनी दी कि यदि किसी भी भाजपा विधायक को छुआ (दलबदल के लिए लालच) गया तो राज्य में कांग्रेस सरकार 48 घंटों के भीतर गिर जाएगी। मंत्री के. वेंकट रेड्डी के दावों की ओर इशारा करते हुए महेश्वर रेड्डी ने कहा कि वह भाजपा विधायकों को छूने की हिम्मत न करें। वेंकट रेड्डी ने दावा किया था कि तेलंगाना के भाजपा के सभी आठ विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं। भाजपा नेता ने कहा, अगर आपने हमारे एक भी विधायक को छूने की कोशिश की, तो मैं आपको बता रहा हूं कि 48 घंटों के भीतर आपकी सरकार गिर जाएगी। महेश्वर रेड्डी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी सरकार बनाने के 100 दिन बाद भी अपने वादों या गारंटी को लागू करने में विफल रही है। कहा कि कांग्रेस पूरे देश में अपनी राजनीतिक और चुनावी गतिविधियों के लिए हैदराबाद से फंडिंग कर रही है।

# गर्मियों में इन फूड्स का अत्यधिक सेवन करने से बचें, वरना सेहत पर होगा असर

समर सीजन ने दस्तक दे दी है, ऐसे मे शरीर को ठंडा रखने के लिए हम सभी कई सारी चीजें खाते हैं। उदाहरण के लिए फल, लस्सी, फ्रूट जूस, नींबू पानी, नारियल पानी, आईसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स आदि का सेवन करते हैं। यह सब खाद्य पदार्थ हमारे शरीर को ठंडक का एहसास कराते हैं। लेकिन इनमें से कुछ ऐसे फूड आइटम्स भी होते हैं, जो हमारे शरीर को गर्मी प्रदान करते हैं। गर्मियों में इनका ज्यादा सेवन करने से सेहत को नुकसान पहुंचता है। गर्मियों में इन फूड्स का संभलकर ही सेवन करें।



**पालक**

जिंक, सेलोनियम और आयरन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर पालक गर्म तासीर की सब्जी है। इस मौसम में इसके अधिक सेवन करने से बचना चाहिए। वैसे भी पालक को सर्दियों में ज्यादा खाया जाता है।

**आम**

समर सीजन में आम खाने से मौसम माना जाता है, लेकिन इसका अधिक सेवन आपके सेहत के लिए काफी महंगा पड़ सकता है। क्योंकि आम की तासीर गर्म होती है। इसी वजह इसे खाने के बाद पचाने में समय लगता है। आम के सेवन से तापमान भी बढ़ सकता है जिससे इसके सेवन से पिंपल्स भी हो सकते हैं।

**अंडा**

अंडा में काफी प्रोटीन होता है लेकिन इसकी तासीर गर्म होती है यह शरीर में गर्मी पैदा कर सकता है। गर्मियों में अंडा का सेवन हमारी किडनी पर बुरा असर डाल सकता है। इसलिए गर्मियों में अंडे को ज्यादा मात्रा में खाने से परहेज करें।

**अदरक**

अदरक का सेवन सर्दियों में ज्यादा किया जाता है वहीं इसकी तासीर गर्म होती है। गर्मियों में अदरक के सेवन करने से पेट में गर्मी बन सकती है। इसलिए गर्मियों में इसे संतुलित मात्रा में खाना चाहिए ताकि कोई नुकसान न हो।

**नारियल**

नारियल पानी हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है लेकिन गर्मियों में नारियल कच्चा खाने से बचना चाहिए। कच्चा नारियल शरीर में गर्मी पैदा कर सकता है।

**बादाम**

बादाम या अन्य सभी ड्राई फ्रूट्स गर्म तासीर के होते हैं, जो हमारे शरीर में गर्मी पैदा कर सकते है। इसके सेवन से बचना चाहिए।

## हरे रंग की साड़ी में तमन्ना भाटिया ने इंटरनेट पर बिखेरी हरियाली

तमन्ना भाटिया ने बार-बार साबित किया है कि वह अपनी स्टाइल से किसी भी आउटफिट में कमाल कर सकती हैं। जब भी अभिनेत्री सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें या वीडियो पोस्ट करती है, तो वह कुछ समय के लिए सभी की सांसें रोक देती है। शनिवार को भी, तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरों की एक श्रृंखला साझा की, जिसने नेटिज़न्स को आश्चर्यचकित कर दिया।

लस्ट स्टोरीज़ 2 की अभिनेत्री ने अपने हैंडल पर कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह अपनी पन्ना हरे रंग की साड़ी में दिखाई दी। साड़ी को तमन्ना ने सुनहरे डिजाइन के साथ एक जटिल कढ़ाई वाले ब्लाउज के साथ जोड़ा है। इतना ही नहीं, अभिनेत्री ने खूबसूरत सोने की बालियों, गहरे मेकअप और एक समग्र न्यूनतम व्यक्तित्व के साथ अपने लुक को निखारा। उन्होंने कैप्शन लिखा, ग्रीन फ्लैग एनर्जी अरणमनई4।

अभिनेत्री के कई प्रशंसकों ने तुरंत टिप्पणी अनुभाग में तारीफों की बौछार कर दी। उनमें से एक ने लिखा, हरियाली। एक अन्य ने कमेंट किया, माधुरी दीक्षित जैसी दिख रही आप। मसाबा गुप्ता ने कहा, सुंदरता!। एक प्रशंसक ने यह भी कहा, बहुत खूबसूरत लग रही है!

पेशेवर मोर्चे पर, तमन्ना के पास कई रोमांचक परियोजनाएं हैं। वह निर्देशक निखिल आडवाणी की आगामी एक्शन ड्रामा फिल्म वेदा में जॉन अब्राहम और शारवरी वाघ के साथ सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा वह शमास नवाब सिद्दीकी की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म बोले चूड़ियां में नजर आएंगी। यह फिल्म मुख्य अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के जीवन की सच्ची घटनाओं पर आधारित है।



कथित तौर पर, तमन्ना स्त्री 2 में एक डांस नंबर में भी नजर आएंगी। पिछले महीने, एक सूत्र ने न्यूज18 शोशा को विशेष रूप से बताया था कि तमन्ना इस फिल्म में भी एक पेपी डांस नंबर की धुन पर थिरकती नजर आएंगी।

## हड्डियों को मजबूत और स्वस्थ रखने के लिए करें इन हेल्दी ड्रिंक्स का सेवन



अक्सर लोगों के शरीर में पोषक तत्वों की कमी पायी जाती है। जिसके कारण व्यक्ति को तमाम तरह की बीमारियां घेर लेती हैं। आजकल की अनहेल्दी लाइफस्टाइल की वजह से पीठ दर्द, कमर दर्द और पैर दर्द आदि बीमारियों से परेशान रहते हैं। इन बीमारियों के पीछे का मुख्य कारण शरीर में विटामिन, कैल्शियम, मिनरल्स और प्रोटीन की कमी होना है।

शरीर की हड्डियों को मजबूती प्रदान करने के लिए ड्रिंक का सेवन किया जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्वस्थ रहने के लिए किस तरह के ड्रिंक का सेवन करना चाहिए।

**ग्रीन जूस**

हड्डियों को मजबूत बनाने में ग्रीन जूस काफी ज्यादा सहायक होता है। शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए ग्रीन जूस कैल्शियम और विटामिन का अच्छा सोर्स माना जाता है। बता दें कि ग्रीन जूस का सेवन करने से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं नहीं होती हैं।

**स्ट्रॉबेरी जूस**

हर व्यक्ति अपना शरीर स्वस्थ रखना चाहता है। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्ट्रॉबेरी जूस का सेवन करना चाहिए। स्ट्रॉबेरी जूस एंटी ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इस जूस को पीने से आप कई तरह की मौसमी बीमारियों से बचे रहेंगे।

**संतरे का जूस**

संतरा बहुत सारे पोषक तत्वों का भंडार होता है। इसमें विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा पायी जाती है। संतरे के सेवन से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। वहीं संतरा स्वाद में खट्टा-मीठा होता है। ऐसे में आप सेहतमंद बने रहने के लिए संतरे के जूस का सेवन कर सकते हैं।

**अनानास का जूस**



मजबूत हड्डियों के लिए आप रोजाना अनानास का जूस पिए. इससे हड्डियों हेल्दी होती है. साथ ही इससे आपके शरीर में कैल्शियम की भी कमी नहीं होती है. ये जूस भी स्वाद में खट्टा मिठा होता है. ये ड्रिंक विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है.

**बनाना शेक**



पोषक तत्वों से भरपूर केले का शेक भी सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है. केला में कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है. केले को दूध में मिलाकर उसका शेक पीने से हड्डियां स्वस्थ्य रहती है।

# सूर्य को जल चढ़ाने से भाग्य का मिलता है साथ, जानिए इसका धार्मिक और वैज्ञानिक कारण

हिंदू धर्म में सूर्य को देवता का स्थान प्राप्त है। सूर्य के बिना धरती पर अंधकार छा जाता है। वहीं सूर्यदेव को जल अर्पित करने के अनगिनत फायदे होते हैं। सूर्य को जल अर्पित करने से न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक लाभ प्राप्त होता है और आर्थिक उन्नति मिलती है। सूर्य अच्छी सेहत और जीवन शक्ति का भंडार है। बताया जाता है कि आप सूर्य के प्रभाव में जितना अधिक रहेंगे आप उतना ही अधिक सेहतमंद रहेंगे।

हांलाकि आजकल लोग सूर्य के प्रकाश को रोकने के लिए चारों तरफ से खिड़कियां-दरवाजे बंद रखते हैं। इसी वजह से शरीर में विटामिन डी की कमी होती है और अन्य कई रोग हमें घेर लेते हैं। सूर्य के प्रकाश का और सूर्य को जल अर्पित करने का अपना धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व है।



**वैज्ञानिक महत्व और लाभ**

विज्ञान के मुताबिक सूर्य को जल अर्पित करने के दौरान जब हम पानी की धाराओं में से सूर्य की तरफ देखते हैं। तो उससे निकलने वाली 7 तरह की किरणें हमारी आंखों पर पड़ती हैं। इन किरणों से आंखों को लाभ मिलता है और आंख की रोशनी अच्छी होती है। साथ ही आंखों का रंग भी नेचुरल बना रहता है। बता दें कि जो लोग रोजाना सूर्य को जल चढ़ाते हैं, उनको आंख संबंधी रोग नहीं होते हैं। वहीं सूर्य से विटामिन डी प्राप्त होता है, जो हमारी हड्डियों को मजबूत बनाता है।

**धार्मिक महत्त्व और लाभ**

अथर्ववेद के एक मंत्र के अनुसार, सूर्य औषधि बनाने में सहायक है। सूर्य विश्व में प्राण स्वरूप विद्यमान है और यह अपनी किरणों से जीवों के स्वास्थ्य को अच्छा रखता है। रविवार का दिन सूर्य को समर्पित होता है और भगवान सूर्य सप्तमी तिथि के देवता है। सूर्य देव को जल अर्पित करते समय ऊं घृणि सूर्याय नमः या ऊँ आदित्याय नम- मंत्र का जाप करना चाहिए। बता दें कि सूर्य को भाग्य का कारक माना जाता है। जिन जातकों की कुंडली में सूर्य की स्थिति कमजोर होती है। उनके सरकारी कार्यों में रुकावट आती है और व्यापार नहीं सही चलता है। कार्यस्थल पर हमेशा उच्च पदाधिकारियों से अनबन होती रहती है।

**सूर्य को ऐसे करें मजबूत**

रोजाना सूर्य को जल अर्पित कर आप कुंडली में सूर्य की स्थिति को मजबूत बना सकते हैं। इससे सूर्य देव प्रसन्न होकर अपने भक्तों के संकटों को हर लेते हैं। साथ ही धन-धान्य, पुत्र, मित्र, आरोग्य, यश, तेज, कांति, विद्या, वैभव और सौभाग्य प्रदान करते हैं। सूर्य देव की विशेष कृपा पाने के लिए रोजाना जल अर्पित करने के साथ ही हर रविवार या फिर किसी भी महीने की शुक्ल पक्ष के रविवार को नदी या बहते जल में गुड़ और चावल प्रवाहित करने चाहिए।

## दोस्त एल्विश को Unfollow करके फंसी मनीषा रानी, ट्रोल होने पर बताया सच



बिग बॉस ओटीटी 2 से लोगों के दिलों में जगह बना चुकी मनीषा रानी सुर्खियों में बनी रहती हैं। कंट्रोवर्शियल शो में नजर आने के बाद मनीषा ने झलक दिखला जा का 11वां सीजन भी जीता है। %बिग बॉस ओटीटी 2% में उनकी दोस्ती अभिषेक मल्हान और एल्विश यादव के साथ खूब पसंद की गई थी। तीनों में काफी अच्छा बॉन्ड भी था लेकिन अब मनीषा और एल्विश की दोस्ती के रिश्ते में दरार आ गई है। कुछ समय पहले उन्होंने एल्विश को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया था। इसके बाद उन्हें लोगों ने काफी ट्रोल किया। ऐसे में अब ट्रोलिंग का शिकार होने के बाद मनीषा ने ऐसा करने की असली वजह बताई है।

यूट्यूब चैनल पर बताया सच

ट्रोल होने के बाद मनीषा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में उन्होंने बताया कि एल्विश से एक इवेंट के दौरान यह पूछा गया था लेकिन उन्होंने कहा था कि ये बहुत ही बचकानी बात है और उन्हें मनीषा के अनफॉलो करने के कारण नहीं पता। आगे एक्ट्रेस कहती हैं कि - %आप लोगों को सिर्फ एक साइड की बात पता चली है लेकिन मेरे फैंस को हक है कि उन्हें दोनों साइड की बात पता चले, फिर वो जज करें। हां ये सच है कि मैंने एल्विश को अनफॉलो किया है।

**कवर फोटो में मेरी नहीं लगाई तस्वीर**

मनीषा ने कहा कि - एल्विश के दोस्त कटारिया एक डील लेकर मेरी टीम के पास आए थे हमें साथ में कोलैब करना था हमने कोलैब भी किया लेकिन एल्विश ने कवर में अपना और अक्षय कुमार सर का फोटो डाल दिया। एक दो घंटे के बाद जब मैंने वो कवर फोटो देखी तो मुझे अच्छा नहीं लगा क्योंकि कोलैब मैंने और एल्विश ने किया था और वीडियो हम दोनों के प्रोफाइल में शो कर रहा था तो जब मेरा प्रोफाइल है तो उसमें मेरा फोटो भी आना चाहिए।

# विटामिन ए की कमी से हो सकता है अंधापन, नेत्र स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त पोषण लेना भी जरुरी है

कुपोषण के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में, विटामिन ए की कमी( वीएडी) से गंभीर दृष्टि हानि और संभावित रूप से रोके जा सकने वाले अंधेपन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में उभरी है, खासकर कम आय वाले देशों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं में। बच्चों में रोकथाम योग्य अंधेपन के प्रमुख कारण के रूप में, वीएडी नेत्र स्वास्थ्य और सामान्य कल्याण की सुरक्षा के लिए उन्नत पोषण कार्यक्रमों और जागरूकता की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है।

**विटामिन ए की कमी से बच्चे होते हैं अंधे**

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि हर साल 250,000 से 500,000 बच्चे विटामिन ए की कमी के परिणामस्वरूप अंधे हो जाते हैं, जिनमें से अधिकांश विकासशील देशों में रहते हैं जहां पर्याप्त पोषण तक पहुंच अक्सर सीमित होती है।



एचटी लाइफस्टाइल के साथ एक साक्षात्कार में, शार्प साइट आई हॉस्पिटल्स के सह-संस्थापक और चिकित्सा निदेशक डॉ. कमल बी कपूर ने खुलासा किया, इस कमी से ज़ेरोफथाल्मिया हो सकता है, एक ऐसी स्थिति जो कॉर्निया (आंख का सबसे पारदर्शी भाग) को नष्ट कर सकती है। कंजंक्टिवा, अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो अपरिवर्तनीय अंधापन हो सकता है।

इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि इस सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, उन्होंने साझा किया, स्वास्थ्य विशेषज्ञ विटामिन ए से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन की वकालत करते हैं, जिनमें डेयरी उत्पाद, अंडे, और पीले या नारंगी फल और सब्जियां, जैसे गाजर और शकरकंद शामिल हैं। हरी, पत्तेदार सब्जियों के साथ। इसके अतिरिक्त, विटामिन ए के साथ मुख्य खाद्य पदार्थों का सुदृढ़ीकरण और पूरकों के रणनीतिक वितरण को वीएडी और दृष्टि पर इसके विनाशकारी प्रभावों से निपटने के लिए प्रभावी, कम लागत वाले तरीकों के रूप में मान्यता दी गई है। खासकर बच्चों में. विटामिन ए अनुपूरण को एकीकृत करने के लिए सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा प्रयास इन प्रयासों में अनुपूरण को नियमित टीकाकरण कार्यक्रमों और मातृ स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना शामिल है।

इन प्रगतियों के बावजूद, पर्याप्त विटामिन ए स्रोतों तक पहुंच प्राप्त करने में चुनौतियां बनी हुई हैं। डॉ. कमल बी कपूर ने सुझाव दिया, संतुलित आहार के महत्व और अंधापन को रोकने में विटामिन ए की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में निवेश की बढ़ती आवश्यकता है। विटामिन ए की कमी और आंखों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के खिलाफ लड़ाई कुपोषण के व्यापक मुद्दे और कमजोर आबादी को आवश्यक पोषक तत्वों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। पोषण संबंधी आवश्यकताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को प्राथमिकता देकर, वैश्विक समुदाय वीएडी के कारण होने वाले अंधेपन को रोकने और समग्र स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकता है।

**एक्सपर्ट से जानें विटामिन ए की कमी से अंधापन कैसे हो सकता है**

नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में नेत्र विज्ञान की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. उमा मलैया ने अपनी विशेषज्ञता बताते हुए कहा, विटामिन ए एक वसा में घुलनशील विटामिन है जो दृष्टि, प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य और त्वचा के स्वास्थ्य सहित कई मानवीय गतिविधियों के लिए आवश्यक है।

# कंबोडिया जाएं तो इन खूबसूरत जगहों को जरुर करें एक्सप्लोर, सुंदर प्राकृतिक झीलों का मजा लें

भारत को आस्था का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। यहां पर कई हिंदू देवी-देवताओं के विशाल मंदिर स्थित है। पूरे देश में आपको हर जगह आपको अनेक मंदिर देखने को मिल जाएंगे। लेकिन, क्या आप जानते है कि विदेशों में भी ऐसे कई मंदिर जिन्हें दुनियाभर में जाना जाता है। बता दें कि भारत से लगभग 4800 किमी दूर बना दुनिया का सबसे बड़ा अंगकोर वाट मंदिर है, जिसके बारे में शायद ही आप जानतें हो। यह मंदिर कंबोडिया में स्थित है, जो दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित है। कंबोडिया अपनी विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह है। इस देश की आधिकारिक भाषा खमेर है। यहां पर आपको मुख्य रुप से लोगों का धर्म हिंदू और बौद्ध मिलेगा। हर साल यहां पर पर्यटक घूमने के लिए आते हैं कंबोडिया की सुंदरता देखने के लिए आप इन जगहों पर जरुर जाएं। अगर आप कंबोडिया घूमने का प्लान बना रहें तो इन जगहों को एक्सप्लोर करें।

**कोह रोंग द्वीप**

कोह रोंग द्वीप को एलीफेंट आइलैंड के नाम से भी जाना जाता है। कंबोडिया के खमेर खीट में स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह द्वीप कंबोडिया के दक्षिण क्षेत्र में समुद्र में स्थित है और यह समुद्र की खूबसूरती के लिए जाना जाता है। इस खूबसूरत जगह पर आप स्नोर्कलिंग और ड्राइविंग का आनंद ले सकते हैं। इसके साथ ही आप समुद्री जीवन की अनगिनत प्रजातियों को भी देख सकते हैं।

**बट्टामबांग कंबोडिया**



बट्टामबांग कंबोडिया का एक बड़ा शहर है, ये पश्चिमी कंबोडिया में स्थित है। बट्टामबांग में कई प्राचीन मंदिर और ऐतिहासिक स्थल हैं। यहां पर वाट एक्साम्पल, जो बुद्धिस्ट मंदिर है और बंटी चिड़िया सरक्षण क्षेत्र, जो प्राचीन काल में राजा की शिकार के लिए प्रसिद्ध था। यहां पर एक नदी है जिसे देखने के लिए पर्यटक बहुत दूर से आते हैं।

**अंगकोर वाट मंदिर**

भगवान विष्णु का यह मंदिर दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर और धार्मिक स्मारक भी है। कंबोडिया देश के अंकोर शहर में स्थित है। इस मंदिर का पुराने नाम यशोधपुर के जाना जाता था लेकिन अब यह अंगकोर वाट मंदिर के नाम से जाना जाता है। दरअसल, इस मंदिर को टाइम मैगजीन ने दुनिया के पांच आश्चर्यजनक चीजों में इस मंदिर को शुमार किया था। यह मंदिर तकरीबन हजारों वर्ग मिल में फैला है। बता दें कि, कंबोडिया के राष्ट्रीय ध्वज पर इस मंदिर को अंकित किया गया है।

**बोकोर नेशनल पार्क**

अगर आप कंबोडिया में सुकून के पल बिताने के लिए जगह की तलाश कर रहे है, तो एक बार इस जगह को जरुर एक्सप्लोर करें। बोकोर नेशनल पार्क में आपको काफी सुकून मिलेगा। कंबोडिया के कम्पोंग थोम जिले में स्थित है और यह देश का सबसे पुराने नेशनल पार्कों में से एक है। यहां पर आपको विविध प्रजातियां और सुंदर झील के पास बैठकर खूबसूरती का लुत्फ उठा सकते हैं। अगर आप कंबोडिया जाएं इन जगहों को जरुर एक्सप्लोर करें।

# खेलते-खेलते भटके 3 मासूमों को पुलिस ने सकुशल पहुंचाया परिजनों के पास

## बच्चों की जानकारी देने वाले सजग नागरिकों को किया जाएगा सम्मानित - एसपी कोरिया

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में शानदार पुलिसिंग का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है जब शाम को घर से खेलते-खेलते भटककर दूर निकल गए तीन मासूम बालिकाओं को कोरिया पुलिस 24 घंटे के भीतर ही परिजनों को सुपुर्द कर दें।

दरअसल 29 मार्च 2024 की दोपहर चौकी बचरापोड़ी क्षेत्र अंतर्गत दोपहर में तीन मासूम बालिकाएं ग्राम पंचायत सावला चीटकाहीपारा से खेलते हुए भटककर दूर निकल गई थी, शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों द्वारा खोजबीन किया गया, किन्तु तीनो बालिकाओं का कही कोई पता नहीं चल रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बचरापोड़ी द्वारा इसकी जानकारी से तत्काल एसपी कोरिया को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक कोरिया ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी बचरापोड़ी को आवश्यक निर्देश दिए एवं कोरिया पुलिस द्वारा तत्काल बच्चों की तलाश शुरू की गई। कोरिया पुलिस द्वारा गांव-गांव इसकी सूचना पुलिस पेट्रोलिंग के माध्यम से दिया गया साथ ही रात्रि में ही बच्चों की सघन खोजबीन प्रारम्भ कर दी गई थी, तमाम कोशिशो का ही प्रतिफल रहा कि अगले दिवस दिनांक 30 मार्च 2024 को प्रात: 06 बजे घर से 07 कि.मी. की दूरी पर बचरा गांव में महुआ बिनने गए लोगो ने उपरोक्त तीन मासूम बालिकाओं 1. स्वाती पिता संतलाल कुजूर उम्र 11 वर्ष, 2. एनिमा पिता संतलाल कुजूर उम्र 11 वर्ष एवं 3.अंजू पिता विजय एक्का उम्र 7 वर्ष को वहां पर देखा, जिसकी जानकारी उन्होंने कोरिया पुलिस को दी एवं तीनो



मासूम बालिकाओं को सकुशल उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। बालिकाओं को देखते ही उसके परिजनों के चेहरों में मुस्कान आ गई। बचरा गांव के ग्रामीणों एवं कोरिया पुलिस की सक्रियता ने एक बड़ी अनहोनी होने से रोक दिया है। एसपी कोरिया ने बताया कि बच्चों की बरामदगी के लिए सूचना देने वाले सजग जिम्मेदार नागरिको को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बुलाकर सम्मानित किया जाएगा।



# खाता फ्रीज होने पर मशाल जुलूस की अनुमति नहीं, नगर में कांग्रेसियों ने किया सांकेतिक धरना

**बैकुंठपुर कोरिया।** 30 मार्च को मशाल जुलूस के साथ विरोध प्रदर्शन किया जाना था लेकिन निर्वाचन के तरफ से विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय के सामने सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक रूप से बैठकर अपना विरोध जताया।

इस विरोध प्रदर्शन का कारण जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने पत्रकार बंधुओं से बताया कि कांग्रेस पार्टी पर इनकम टैक्स ने 1823 करोड़ का नोटिस दिया है। वर्षों की जांच पड़ताल इनकम टैक्स को अचानक चुनाव की शाम पर याद आई है - भाजपा घबराई तो ढूझ दौड़ी चली आई। यदि कांग्रेस को 1,800 करोड़ का नोटिस मिला तो भाजपा को उन्हीं चार्जेस पर 4,600 करोड़ के लिए क्यों नहीं? जिस दौरान कांग्रेस के 14 लाख के बता कर IT ने 135 करोड़ जब्त किए, उसी दौरान ने 42 करोड़ का वही VIOLA किया। उनकी जब्ती कहां है? ये सब कार्यवाही इसलिए क्योंकि भाजपा को हार आंखों के सामने नजर आ रही है। तभी कांग्रेस के साथ टैक्स आतंकवाद की ये कोशिश कर रहे हैं। भाजपा भारत की ही नहीं विश्व की सबसे भ्रष्ट पार्टी है, मुद्दों और विकास पर कांग्रेस से शिकस्त खा रही है तो बचाव में ED, CBI, IT को फिर से मैदान में उतारा है। विपक्ष को कमजोर करने के लिए, अनैतिक प्रहार करने के लिए। मोदी के साथ उनके भ्रष्ट तंत्र की ताकत है तो हमारे साथ भारत के गणतंत्र की शक्ति है-सटीक जवाब जल्द मिलेगा। कांग्रेस पार्टी से जिला अध्यक्ष प्रदीप के नेतृत्व में सांकेतिक रूप से बैठकर प्रर्दशन कर समस्त कांग्रेसियो ने विरोध जताया गया। पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पी सी सी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, शैलेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, गणेश राजवाड़े, भूपेंद्र यादव, सुरेन्द्र तिवारी, विकाश श्रीवास्तवा, धीरज सिंह, चिंटू खान, सुमन दुबे, रामसजीला यादव, आशु कुजुर, मनीष सिंह, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, अशर्द, के साथ अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## मध्यप्रदेश और यूपी से लगती सीमा के अधिकारियों से चुनाव पर चर्चा



**कोरिया/बैकुंठपुर।** चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पश्चात आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। छ.ग. राज्य के विभिन्न जिलों की सीमा अन्य राज्यों यथा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, उड़िसा, झारखण्ड एवं उत्तरप्रदेश से लगी हुई है। आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान कार्य संपन्न कराने हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा कई बिन्दुओं पर समन्वय स्थापित कर कार्यवाही हेतु अंतर्राज्यीय सीमावर्ती बैठके 31 मार्च तक सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस हेतु जिले के सीमावर्ती राज्य के जिले से पुलिस अधीक्षक/अनुविभागीय अधिकारी/थाना प्रभारी को बैठक करने हेतु कहा गया है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार के मार्गदर्शन में 29 मार्च 2024 को विश्राम गृह, रामगढ़ कोरिया में जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश से लंघाडोल थाना प्रभारी के साथ जिला कोरिया छत्तीसगढ़ के प्रभारी तहसीलदार सोनहत, नायब तहसीलदार सोनहत, थाना प्रभारी सोनहत एवं चौकी प्रभारी रामगढ द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समन्वय स्थापित करने हेतु बॉर्डर मीटिंग रखी गई। सीमावर्ती जिलों / राज्यों के कौन से अनुविभाग थाना की सीमा जिला सिंगरौली से लगती है उसकी जानकारी, सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के मोबाईल नंबर का आदान-प्रदान, सीमावर्ती थाना/चौकी में नाकाबंदी की कार्यवाही, गुण्ड़ा, बदमाश, फरार अपराधियों एवं वांरटियों की धरपकड़ करने, अन्य राज्यों से कार्यवाही की अपेक्षाओं के सम्बन्ध में, अंतर्राज्यीय समन्वय बेहत्तर बनाने के लिए वाट्स एप ग्रुप बनाये जाने, संवेदनशील हॉट स्पॉट चिन्हांकन करने, अवैध शराब, मादक पदार्थ इत्यादि की तस्करी रोकने के लिए संयुक्त मैकैनिज्म स्थापित करने, फिक्सड पिकेट एवं मोबाईल चेकिंग के संबंध में जानकारी साझा करने, बेहत्तर संचार व्यवस्था के लिए कॉमन वायरलेस फ्रिक्वेंसी निर्धारण करने, गाँवों की सूची एवं शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की जानकारी के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है।

## एसईसीएल में मजदूरों के ग्रोथ में रुकावट आ रही

**मनेंद्रगढ़।** हिंद मजदूर सभा से संबद्ध कोयला मजदूर सभा के केंद्रीय उपमहासचिव अख्तर जावेद उस्मानी ने एसईसीएल में जनरल मजदूरों के कॅरियर ग्रोथ और नई भर्तियों में आ रही रुकावटों को लेकर सवाल उठाए हैं और गलतियों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने का आरोप लगाया है। श्रमिक नेता उस्मानी ने बयान जारी कर कहा कि आज एसईसीएल में आश्रित और भू आश्रित के रूप में काम कर रहे जनरल मजदूर कंपनी की एसएपी आधारित पूरी प्रणाली को चला रहे हैं। योग्य जनरल मजदूर भी जनरल मजदूर बने रहने की यंत्रणा झेलने मजबूर हैं।

## वुमेंस क्रिकेट ट्रायल 7 अप्रैल से

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ 7 अप्रैल से महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल लेगी। ट्रायल अंडर-15, 19 व अंडर-23 सीनियर आयु वर्ग के लिए आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया ट्रायल दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कांकेर व धमतरी जिले का ट्रायल न्यू क्रिकेट ग्राउंड कांकेर में होगा। दुर्ग, राजनांदगांव व कवर्धा जिले का ट्रायल दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव, रायपुर, महासमुंद, भिलाई व बीएसपी का ट्रायल आरडीसीए ग्राउंड रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा जिले का ट्रायल राजा रघुराज सिंह स्टेडियम बिलासपुर व जशपुर, सरगुजा व कोरिया जिले के महिला खिलाड़ियों का ट्रायल अंबिकापुर के महात्मा गांधी स्टेडियम में 7 अप्रैल सुबह 7 बजे से होगा। वुमेंस अंडर-15 के लिए जन्मतिथि 1 सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2011 को या उसके बाद, वुमेंस अंडर-19 के लिए जन्मतिथि 1 सितंबर 2005 को या उसके बाद व वुमेंस अंडर-23 के लिए जन्मतिथि1 सितंबर 2001 को या उसके बाद रखी गई है।

# बूथ विजय संकल्प महाअभियान की कोरिया से जोरदार शुरुआत

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक बार पुन: जोर सोर से अपने विजय अभियान पर जुट गई है। जिसके मंशानुरूप एक एक बूथ पर मजबूती के लिए बूथ से बूथ विजय संकल्प महाअभियान की शुरुआत आज 30 दिसंबर से की गई। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े व कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के नेतृत्व और भाजपा के पूर्व संगठन महामंत्री व औषधि बोर्ड के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में बैकुंठपुर कोरिया के बूथ क्र 118 चेर बूथ क्र 141 सुरमी,बूथ क्र 101 सरडी,बूथ क्र 186-187 बंजारीडांड से विधायक भईया लाल राजवाड़े व अभियान में पधारे अतिथि राम प्रताप सिंह सहित जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी द्वारा दीवार लेखन सहित झंडा लगाकर बूथ विजय संकल्प महाअभियान का आगाज किया गया।

जिसके तहत भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों द्वारा उक्त सभी बूथ अंतर्गत मतदाताओं और लाभार्थियों से जनसंपर्क कर उनके घरों में भाजपा का झंडा लगाने मतदाताओं को प्रेरित किया गया साथ ही एक बार फिर से मोदी सरकार अबकी बार 400 पार सहित हम हैं मोदी परिवार के नारों के साथ बूथ क्षेत्र के मतदाताओं और ग्रामीण जनों संग मिलकर कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय के लिए वोट देने की













अपील किए। बूथ विजय संकल्प महाअभियान की जोरदार शुरुआत की कड़ी में भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने बताया की चुनाव में विजय का मार्ग बूथ को जीत कर ही निकलता है, इस मूल वाक्य को मूर्त रुप देने भाजपा अपने समस्त कार्यकर्ताओं को उनके बूथों में सक्रियता से कार्य कराने की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा के कार्यकर्ता आज 30 मार्च से अपने अपने बूथों में सक्रिय हो चुके हैं,बूथ समिति की बैठकें करके सभी सदस्यों को लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार की गति बढ़ाने की ओर तत्परता से कार्य किए जायेंगे। बूथ वार सौ-सौ झण्डा लगाने का कार्य भाजपा कार्यकर्ता अपने बूथों में शुरू करेंगे। साथ ही सघन जनसंपर्क करते हुये बूथ में निवासरत लाभार्थियों से संपर्क करते हुए भाजपा के बूथ विजय संकल्प अभियान को सफल बनाएंगे। बूथ अंतर्गत मतदाताओं को भाजपा के लिए मतदान करने प्रेरित करते हुये प्रत्येक बूथ में 370 वोट के लक्ष्य पर फोकस करेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज 30 मार्च को भाजपा प्रदेश स्तर पर बूथ विजय संकल्प अभियान की शुरुआत कर चुकी है।

लोकसभा चुनाव के तैयारियों के मद्देनजर कोरिया जिले मे प्रत्येक मंडलो व बूथ, केंद्रो मे प्रचार सामग्री पहुंच गई है और जिले के सभी बूथों में बूथ विजय संकल्प अभियान एक साथ आरंभ हो चुका है । साथ ही कोरबा लोकसभा चुनाव में भाजपा की विजय सुनिश्चित करने संगठन का एक एक कार्यकर्ता संकल्पित हो कार्य कर रहा है। बूथ विजय संकल्प महाअभियान में पूर्व भाजपा संगठन मंत्री राम प्रताप सिंह,पूर्व कैबिनेट मंत्री व बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता,मंडल अध्यक्ष गोपाल राजवाड़े, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अरशद खान, नाटेश्वर रजक, आशीष यादव, कुबेर साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# चाचा की हत्या के आरोप में दंपत्ति गिरफ्तार

**मनेंद्रगढ़।** सरकारी जमीन के बंटवारे से नाराज आरोपी पति-पत्नी ने डंडा और लात-घूसों से अपने चाचा की हत्या कर दी। झगराखंड पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

झगराखंड थाना के कोड़ा पुलिस चौकी अंतर्गत नारायणपुर सरईझोथा निवासी 57 वर्षीय अर्जुन पनिका पिता स्व. रामलाल ने 27 मार्च को पुलिस चौकी कोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 7 बजे राम मनोहर का मूकबधिर बेटा घर आकर इशारा कर बताया कि उसके पिता बाड़ी में पड़े हैं। मौके पर सुखदेव पनिका, कृष्णा सिंह, बलदेव पनिका चौकीदार सत्यनारायण के साथ जाकर देखे तो 60 वर्षीय राममनोहर पिता स्व. हीरालाल पनिका मृत हालत में जमीन पर पड़ा था। उसके पेट, सीना व गाल में खरोंच के निशान थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच-पंचनामा में लिया। पुलिस ने शव का पीएम कराया, जिस पर डॉक्टर ने शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मृतक की मौत हत्यात्मक प्रकृति का होना लिखा। इस पर झगराखंड थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या का केस दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना में झगराखंड थानांतर्गत नारायणपुर सरईझोथा निवासी आरोपी 33 वर्षीय राजकुमार पिता प्रेमलाल पनिका व उसकी पत्नी 31 वर्षीया बॉबी के खिलाफ अपराध घटित करना सिद्ध पाया गया। आरोपी पति-पत्नी ने पुलिस को बताया कि जंगल के सरकारी जमीन के बंटवारा से वे अपने चाचा मृतक राम मनोहर से नाराज थे। बार-बार विवाद करते रहने के कारण राजकुमार ने अपनी पत्नी बॉबी के साथ मिलकर हत्या की थी।

## राम नवमी:आंध्र समाज की बैठक संपन्न

**मनेंद्रगढ़।** एमसीबी जिले के आंध्र समाज की बैठक रेलवे कालोनी मनेंद्रगढ़ में रखी गई। इसमें बीते 72 वर्षों से आयोजित हो रहे रामनवमी पूजा व जन्मोत्सव के आयोजन को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार किए जाने का निर्णय लिया गया। चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी से दसवीं तक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कराए जाएंगे। पहले दिन स्थापना एवं जन्मोत्सव, दूसरे दिन माता जानकी एवं श्रीराम का विवाहोत्सव, तीसरे दिन भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया जाएगा। इसके बाद दक्षिण भारतीय परंपरानुसार भोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में दक्षिण भारतीय परिवारों के साथ सर्व समाज की सहभागिता होती है। बैठक में आंध्र समाज के डी.गोपाल राव, शंकर राव, एलवी रमना, कबी एम.राम, पी.रमना, के.लोकेश, के.श्रीनू, एम.रामाराव, हरी, प्रवीण, चिंटू राव, सत्याराव, सीएच विजय, प्रभाकर, मुरली और एम. शेषगिरी बंडू उपस्थित रहे।

# 12 लाख मूल्य की 22 दुपहिया बरामद की पुलिस ने

## सरगुजा सहित कई जिलों में सक्रिय चोर गिरोह ने अनेक स्थानों से पार किया था वाहन

**सूरजपुर।** उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस मोटर सायकल चोरों को पकड़ने की दिशा में लगातार लगी हुई थी और क्षेत्र में सूचना तंत्र का जाल बिछाया गया था। इस अभियान में पुलिस के हाथ अंतरजिला खूंखार चोर गिरोह हत्थे चढ़ा है जिनसे चोरी के 12 लाख 25 हजार रूपये कीमत के 22 नग मोटर सायकल को बरामद करने में सूरजपुर पुलिस को सफलता मिली है। जप्त किए गए मोटर सायकलों के बारे में संबंधित थानों को सूचना दे दी गई है।

थाना प्रतापपुर के एक मोटर सायकल चोरी के मामले में अज्ञात चोर की पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम मुरका निवासी दिल मोहम्मद ग्राम पडिपा में एक मोटर सायकल लेकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना मिलने के फौरन बाद थाना प्रतापपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर दिल मोहम्मद को एक हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल सहित पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि दिनांक 22.03.24 को प्रतापपुर किराना दुकान के सामने बिना लॉक किए खड़े एक हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 4922 को अपने साथ लाए चाभी से





चालक कर चोरी कर ले गया था जिसे बेचने के लिए पडिपा में ग्राहक खोज रहा था। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि करीब एक डेढ वर्ष से अभी तक प्रतापपुर क्षेत्र से 14 नग मोटर सायकल सायकल, अम्बिकापुर से 6 नग मोटर सायकल, शंकरगढ़ से 1 नग, राजपुर से 3 नग, बलरामपुर से 1 नग तथा वाड्रफनगर से 1 नग कुल 26 नग मोटर सायकल चोरी किया है। चोरी किए गए मोटर सायकलों में से 8 मोटर सायकल को अपने साथी ग्राम लालमाटी डवरा-कोचली निवासी संजय देवागंन को, 4 नग मोटर सायकल को घोरघड़ी राजपुर निवासी अरबाज खान को, 1 नग मोटर सायकल को बभनी निवासी तसरीफ को, 2 मोटर सायकल वाड्रफनगर निवासी एक व्यक्ति तथा 2 नग मोटर सायकल रामनगर निवासी एक व्यक्ति के पास 4-4, 5-5 हजार रूपये में बेच दिया है। शेष 8 नग मोटर सायकल को बेचने के लिए अपने घर में छुपाकर रखा है। बुलेट मोटर सायकल को करीब 8-9 महिने पहले रात में अपने साथी संजय देवांगन और अरबाज खान के साथ प्रतापपुर आकर बस स्टैण्ड के पास से चोरी कर ले गए थे। आरोपी दिल मोहम्मद के मेमोरण्डम के आधार पर अपराध क्रमांक 96/24 के प्रकरण में चोरी हुए हीरो एफएफ डिलक्स मोटर सायकल को मौके से तथा 8 नग मोटर सायकल को उसके घर से बरामद किया गया।

आरोपी से इन मोटर सायकल को दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जो चोरी की मोटर सायकल होने की पूर्ण अंदेशा पर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही कर मोटर सायकलों को जप्त किया गया। पकड़े गए आरोपी दिल मोहम्मद के मेमोरण्डम के आधार पर ग्राम राजपुर घोरघड़ी जाकर खरीददार अरबाज पिता रजबअली उम्र 23 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर अधिम दाम पर बेचने के लिए खरीदे गए चोरी के 4 नग मोटर सायकल को जप्त किया गया प्रकरण में धारा 411 भादसं जोड़ी गई। मामले में आगे कार्यवाही करते हुए ग्राम लालमाटी कोचली चौकी डवरा, थाना पस्ता जाकर खरीददार संजय कुमार देवांगन पिता रामकिशुन उम्र 27 वर्ष को दबिश देकर पकड़ा गया जिसके कब्जे से 8 नग मोटर सायकल बरामद किया गया। ग्राम बरहोर बभनी उत्तरप्रदेश के खरीददार मोहम्मद तसरीफ शाह पिता रज्जाक शाह उम्र 35 वर्ष को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 1 हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल जप्त किया गया। इन आरोपियों से मोटर सायकल की दस्तावेज मांगे जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। मामले में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। ये आरोपी किए गए गिरफ्तार।* मामले में थाना प्रतापपुर पुलिस ने आरोपी (1) दिल मोहम्मद पिता अली मोहम्मद उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम मुरका, थाना राजपुर, जिला बलरामपुर (2) अरबाज पिता रजबअली उम्र 23 वर्ष ग्राम राजपुर घोरघड़ी, जिला बलरामपुर (3) संजय कुमार देवांगन पिता रामकिशुन उम्र 27 वर्ष ग्राम लालमाटी कोचली चौकी डवरा, थाना पस्ता (4) मोहम्मद तसरीफ शाह पिता रज्जाक शाह उम्र 35 वर्ष ग्राम बरहोर बभनी उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में शामील पुलिस टीम।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, रविशंकर चौबे, रामाधीन श्यामले, मनोज केरकेट्टा, आनंद प्रकाश एक्का, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, राजेश तिवारी, भमेश सिंह आर्मो, महेश्वर सिंह, विरेन्द्र कुजूर, शशिकांत मिश्रा, निशांत टोप्पो, अवधेश कुशवाहा, राकेश यादव व मंगलेश्वर राजू एक्का सक्रिय रहे।

# प्रीति ने आत्महत्या की या कुछ और है उसकी मौत का कारण?

## एसबीएस कालोनी चीपहाउस में मिला था शव

**कोरबा।** 23 वर्षीय प्रीति जांगड़े की संदिग्ध मौत के पीछे का असली सच आखिर क्या था, यह जानने को परिजन और रिश्तेदार के साथ-साथ पड़ोसी बेताब हैं। पांच दिन बीतने पर भी मृतका की शव परीक्षण रिपोर्ट पुलिस के पास नहीं पहुंची है। उसका इंतजार किया जा रहा है। डॉक्टर के अभिमत के आधार पर पुलिस इस मामले में आगे बढ़ेगी।

सारंगढ़ जिला अंतर्गत बिलाईगढ़ की रहने वाली प्रीति का विवाह 8 महीने पहले ही एसबीएस कालोनी चीपहाउस के निवासी गौरव जांगड़े से हुआ था। विवाह के एक वर्ष भी पूरे नहीं हुए कि प्रीति अप्रत्याशित रूप से चल बसी। ससुराल में एक कमरे में उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। होली की अगली रात हुई इस घटना ने लोगों को चौकाया। यहां से मिली सूचना पर मायके पक्ष के लोग कोरबा पहुंचे। मानिकपुर पुलिस ने प्रक्रियाओं के अंतर्गत प्रकरण में कार्यवाही की। मामला चूंकि नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से जुड़ा हुआ था इसलिए विशेष रूप से महिला चिकित्सक सहित पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। नियमों के अंतर्गत इस मामले में शव परीक्षण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई गई। लगभग एक सप्ताह बीतने को है लेकिन अब तक पुलिस के पास इस मामले को लेकर शार्ट पीएम रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे कि यह पता चल सके कि नवविवाहिता प्रीति जांगड़े की मौत के परिप्रेक्ष्य में असली कारण क्या था। घटना स्थल पर उसका शव मिला होने से यही माना गया कि मामला आत्महत्या का है लेकिन आसपास में जिस तरह की चर्चाएं हैं उससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। खबरों में कहा गया कि विवाह के कुछ महीने बाद ही प्रीति को प्रताड़ित किया जा रहा था और इसे लेकर उसने अपने घर पर जानकारी भी दी थी। इसलिए मामला कुल मिलाकर उलझा हुआ है। शुरू से ही आरोप का दौर जारी है। मृतका के परिजन मानने को तैयार नहीं हैं कि उसने आत्महत्या की है। इसलिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट में क्या कुछ मिला, इसे जानने की उत्सुकता संबंधितों को है। तथ्यों के आधार पर पुलिस प्रीति जांगड़े की संदिग्ध मौत की जांच की दिशा बदल सकती है।






## पंप हाउस क्लब करेगा पारितोषिक वितरण

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व स्थित श्रमिक क्लब पंप हाउस के द्वारा अपने सदस्यों को पारितोषित वितरण करने पर विचार कर रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष घनाराम कर्ष, सचिव विजय महंत व कोषाध्यक्ष रवि राठौर ने सदस्यों की बैठक बुलाकर उनके विचार जानने का प्रयास किया। इसके पूर्व गिरिवर राठौर व उनकी कार्यकारिणी क्लब का संचालन करते थे। कार्यकारिणी में गिरीवर राठौर राठौर भी है। पंप हाउस क्लब का संचालन काफी अच्छे ढंग से किया जा रहा है। यह क्लब शादी विवाह एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए होता है। सीआरसी क्लब में भी नई कार्यकारीणी बनाई गई है। यहां पर कार्यकारी अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव घनश्याम पाटले व कोषाध्यक्ष श्री यादव के द्वारा भी पिछले दिनों पारितोषित वितरण किया गया।

## चाय पर चर्चा कार्यक्रम शुरू

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा सभी शक्ति केंद्रों में कल से चाय पर चर्चा कार्यक्रम शुरू किया गया है। आज दीपका मंडल के वार्ड क्रमांक 2 में चाय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान वरिष्ठ नेता ज्योतिनंद दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शर्मा, अरूणीश तिवारी, नरेश टण्डन, राजू प्रजापति के द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम लोकसभा चुनाव को देखते हुए हो रहा है। कोसाबाड़ी नगर मंडल के दिनेश वैष्णव व मिलाप राम कर्ष ने बताया कि कोसाबाड़ी क्षेत्र में भी कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम में युवाओं बुजुर्गों व प्रतिष्ठित नागरिकों को बुलाया जा रहा है।

## रिटायर्ड कर्मियों का सम्मान

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व केंद्रीय कर्मशाला में कल एक अधिकारी व दो कर्मी सहित तीन लोग रिटायर्ड किये गये। इस दौरान इन कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जेसीसी सदस्य दिलीप सिंह, वीआर सुमन, राजेंद्र यादव, राजेश पाण्डेय, संतोष टण्डन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। इन कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उनके घर तक छोड़ा गया।

## आदर्श नगर में सांड के आतंक से लोग परेशान

**कोरबा।** आर्दश नगर कुसमुंडा कालोनी में एक काले रंग के सांड से लोग भयभीत हैं। लोगों को देख सांड़ दौड़ना शुरू कर देता है कई लोग सांड के हमले में घायल हो चुके हैं। बाहर खड़ी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा चुका है। घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों को धक्का मारकर गिरा देता है साथ ही इसे सींग से उठाकर पटक देता है। इससे वाहन मालिकों को नुकसान हो रहा है। क्षेत्र के लोग सांड के उत्पात से दहशत में हैं।

## मालगाड़ी से कटकर दी जान

**कोरबा।** टीपी नगर रेलवे क्रासिंग से कुछ दूरी पर एक व्यक्ति ने मालगाड़ी से कटकर खुदकुशी कर ली। पिछली रात 11 बजे यह घटना हुई। पता चलने पर आसपास के लोग रेलवे ट्रेक पर पहुंचे। कुछ देर में पुलिस की उपस्थिति यहां पर दर्ज हुई। इस दौरान किसी भी स्तर पर मृतक की पहचान नहीं हो सकी और न ही कोई जानकारी हो सकी। उसका शव जिला अस्पताल के मरच्यूरी में रखवाया गया है।

## फायर वाचर कैम्प को तोड़ा हाथियों ने

**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज में हाथियों का उत्पात थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां एक दिन पहले यहां मौजूद 31 हाथियों के दल ने पेड़ों को बड़ी संख्या में नुकसान पहुंचाया था, वहीं बीती रात कापानवापारा क्षेत्र में वन विभाग द्वारा बनाए गए फायर वाचर कैम्प को तोड़ दिया। हाथियों द्वारा कैम्प पर तोड़े जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन किया। क्षेत्र में हाथियों की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# ट्रेलर की ठोकर से कार गिरी नाले में



**कोरबा।** सर्वमंगला-कनकी मार्ग पर सोनपुरी के निकट आज सुबह अज्ञात ट्रेलर द्वारा ठोकर मार दिए जाने से एक कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार में सवार लोग बाल-बाल बच गए।

मिली जानकारी के अनुसार सुजुकी कंपनी की कार क्रमांक सीजी-12बीएच-3286 में कुछ लोग सवार होकर आज सुबह सर्वमंगला-कनबेरी मार्ग से जा रहे थे कि सोनपुरी पुल के निकट एक अज्ञात ट्रेलर ने कार को पीछे से ठोकर मार दिया। ट्रेलर द्वारा ठोके जाने से कार अनियंत्रित हो गई और नाले में जा गिरी। कार का एयरबैग भी खुल गया। इस दुर्घटना की सूचना मार्ग से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को दी। जिस पर उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मामला कायम करने के साथ ही कार किसकी थी और उसमें कौन-कौन लोग सवार थे की पतासाजी में जुट गई है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कार मालिक और उसमें सवार लोगों का पता नहीं चल सका है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एयरबैग खुलने की वजह से उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए। ज्ञात रहे इस मार्ग पर आए दिन इस तरह की घटना होते रहती है। जिसकी प्रमुख वजह मार्ग पर वाहन चालकों द्वारा अंधाधुंध व तेज रफ्तार से गाड़ियों का चलाया जाना जिम्मेदार है।

# आरएसएस नगर में हुआ चौहान समाज का होली मिलन



**कोरबा।** चौहान समाज का होली मिलन समारोह समाज के केंद्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान के रविशंकर शुक्ल नगर स्थित निवास में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और एक -दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य शिव कुमार चौहान, लक्ष्मीनारायण रथलाल सोनवानी, रूपेश, लाल बहादूर, संतोष, मुकूंद, लखन, लव, बंशी, अमिलाल, रविशंकर एवं पत्थलगांव से वरिष्ठ सदस्य नारायण चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# आचार संहिता में आधा दर्जन वारंटियों पर गिरी गाज



**कोरबा।** लोकसभा के आम चुनाव के मद्देनजर पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है, जिसके तहत कोरबा जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों से वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के अलावा उन्हें तामिली किया जा रहा है। इसी कड़ी में सिटी कोतवाली क्षेत्र के आधा दर्जन व वारंटियों पर गाज गिरी है।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्रांतर्गत खरमोरा बजरंग चौक निवासी स्थायी वारंटी गंगाराम उम्र 54 पिता बैशाखु देवांगन धारा 294, 506, 323, 325 भादवि के तहत मारपीट के मामले में फरार था। उसी तरह सीएसईबी चौकी क्षेत्रांतर्गत मैग्जिनभाठा पंप हाउस निवासी गोरखदास उर्फ गोलू दास उम्र 24 पिता मिलन दास पनिका भी मारपीट के मामले में धारा 294, 323, 506 के मामले में फरार था। एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले भर में फरार वारंटियों को पकड़ने का अभियान चल रहा था। इस मामले में उपरोक्त दोनों स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर उन्हें जिला जेल दाखिल कर दिया गया। वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अन्य वांरटी पंच सिंह, पंचम ठाकुर व एक अन्य को गिरफ्तार कर उनके वारंट को तामिली कर न्यायालय पेश किया गया। इस तरह सिटी कोतवाली टीआई एमएल पटेल के मार्गदर्शन में एएसआई, अजय सिंह ठाकुर, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता एवं रामधन पटेल तथा सिदार के द्वारा वारंटियों के विरूद्ध उपरोक्त कार्यवाही की गई है।

### अराजक तत्वों से परेशानी

**कोरबा।** रामपुर बस्ती में सामुदायिक भवन के आसपास अराजक तत्वों का जमावड़ा और नशाखोरी का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो गया है। शाम होते ही यहां की हवा मादक हो जाती है।

# अग्रवाल सभा चुनाव : 10 अभ्यर्थियों ने भरे नामांकन

## शाम तक स्थिति होगी स्पष्ट

**कोरबा।** अग्रवाल सभा कोरबा के चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिवस रविवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के लिए कुल 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन भरे। आज शाम तक इस बारे में स्थिति स्पष्ट होगी कि मैदान में इन पदों के लिए कितने चेहरे शेष बचते हैं।

अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट एस.के.अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल (राजू) और शिव अग्रवाल ने नामांकन भरा। जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार ने इच्छा जताई है। नामांकन भरने वालों में शिव अग्रवाल (मॉडर्न), पवन अग्रवाल (ऑटो सेंटर), नरेंद्र अग्रवाल शामिल हैं। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर भी जिन प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन जमा किये गए हैं। उनमें राजेश अग्रवाल, रमन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल (सीए) शामिल हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी छेदीलाल अग्रवाल ने बताया कि नामांकन पत्र जमा करने का आज अंतिम दिवस था। अंतिम समय तक तीन पदों के लिए 10 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन प्रस्तुत किये गए हैं। इनकी जांच के बाद तस्वीर साफ होगी। नाम वापसी के दौरान अगर इन पदों के लिए एक-एक पद पर सर्वानुमति की स्थिति नहीं बनने पर 2 अप्रैल को मतदान संपन्न कराया जाएगा।

## सनातन समाज ने परंपरा को किया जीवंत



सनातन समाज के द्वारा रंग पंचमी पर परंपरा को संजीवनी देने का प्रयास किया गया। बीते वर्षों में पुरातत्व विभाग के अनुसंधान से सुर्खियों में आए मदकू द्विप में फाग झमाझम किया गया। इसमें शानदार प्रस्तुति हुई। संत रामरूप दास महाराज ने उपस्थित लोगों को मार्गदर्शन दिया।

# शराबखोरों के लिए सुविधाजनक साबित हो रही मुड़ापार स्कूल की चारदीवारी, बना लिया ऐशगाह

## परिसर में सुबह नजर आती है शराब की बोतलें और डिस्पोजल

**कोरबा।** शराबखोरों ने आम रास्तों के साथ-साथ विद्या मंदिरों को भी किसी लायक नहीं छोड़ा। अपना शौक पूरा करने के लिए वे सुरक्षित जगह तलाश रहे हैं। वार्ड क्रमांक 26 स्थित मुड़ापार के सरकार प्रायमरी-मिडिल स्कूल के बरामदे को शराबखोरों ने गंदा करना जारी रखा है। हर सुबह यहां शराब की बोतलों, डिस्पोजल से लेकर कई सामान मिलते हैं इससे स्टाफ और छात्र परेशान हैं।



बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से इस तरह की हरकतें यहां जारी है। सुरक्षा के तौर पर शिक्षा विभाग ने मुख्य द्वार पर गेट लगाया है जो रात को बंद रहता है। पूरे हिस्से में बाउंड्रीवाल औसत ऊंचाई के साथ उपलब्ध है। जबकि आधार पंजीयन केंद्र की तरफ की दीवार की ऊंचाई कम है और इसके एक हिस्से को शराबखोरों ने तोड़ दिया है। बताया गया कि रात्रि में 20-25 की संख्या में शराबखोरों के अलावा दूसरे प्रकार का नशा करने वाले यहां पहुंचते हैं। उनकी हरकतों के कारण यहां की स्थिति विचित्र हो गई है और परिसर की मर्यादा पर भी असर पड़ रहा है।

# एसईसीएल ने 7 कर्मियों को विदाई दिवस पर किया अंतिम भुगतान



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े सभी पहलुओं को बेहतर किया है। उनकी सेवा का मूल्यांकन करने के साथ अंतिम सेवा दिवस पर सभी तरह के लंबित भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। गेवरा परियोजना ने सात कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर यही प्रक्रिया अपनाई। कर्मचारी इससे खुश हुए।

एसईसीएल में कई दशक तक काम करने के साथ कर्मचारियों ने श्रेष्ठ संपादन किया और पहचान बनाई। निर्धारित आयु पूरी होने पर गेवरा क्षेत्र से विनोद तिवारी, अलख निरंजन सिंह, तुलसी दास प्रीतामणी, नाकेश्वर प्रसाद, बालक राम बर्मन, दान सिंह पैकरा और रामाधार यादव सेवानिवृत्त हो गये। 30 मार्च को उनके सम्मान में गेवरा प्रबंधन के द्वारा सीजीएम कार्यालय में सम्मान समारोह रखा गया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और शॉल के साथ-साथ सभी प्रकार के आर्थिक हित से जुड़े भुगतान किये गये। कार्यक्रम में महाप्रबंधक के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी, श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके आवास तक भिजवाने की व्यवस्था कराई गयी।

## पंप हाउस में कर्मचारी के अवैध निर्माण पर प्रबंधन मेहरबान

**कोरबा।** ऐसा लगता है कि एसईसीएल में कोरबा क्षेत्र में अपने ही आवासीय परिसर में होने वाले अवैध कब्जा और निर्माण को पूरी छुट दे दी है। पंप हाउस कालोनी में सीजीएम कार्यालय के कर्मचारी राजेंद्र कुमार के द्वारा अवैध निर्माण कर तीन आवास को हथियाने के मामले से प्रतित होता है कि प्रबंधन का रूख मेहरबानी करने वाला बना हुआ है। लगातार इस बारे में आसपास के लोगों के द्वारा एसईसीएल के अधिकारियों को जानकारी दी गई है। इसके बावजूद मामले को लेकर अधिकारी उदासीन है। बेजा कब्जा और अवैध निर्माण करने वाला कर्मचारी दावा कर रहा है कि उसे अधिकारी का समर्थन है।

## हिंदू नववर्ष मनाने हो रही जोरदार तैयारी



**कोरबा।** हिंदू नववर्ष के आगमन पर 9 अप्रैल को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।जिसके लिये तैयारियों का दौर जारी है। हिंदू नववर्ष के आयोजन के लिए पूरे कोरबा शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। हिंदू नव वर्ष को लेकर कोरबा में होने जा रहा यह आयोजन भव्य होगा। इस बार देश के विभिन्न प्रांतो से मनमोहक एवं आकर्षक झकियां शोभायात्रा में सम्मिलित होगी जिसे प्रदेश ही नहीं देश भर में लोग देखेंगे द्यकोरबा जिला में होने जा रहे इस बड़े आयोजन की तैयारी को देखकर लोगों को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जिस प्रकार वनवास के बाद भगवान राम के अयोध्या पहुंचने पर लोगों ने दिवाली मनाई थी। उसी प्रकार 9 अप्रैल हिंदू नव वर्ष को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का आगमन कोरबा हो रहा है। इस आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। नव वर्ष को होने जा रहे इस आयोजन में सभी समाज के लोग शामिल होंगे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com